

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 110 | मंगलवार, 02 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


न्यूज़ डायरी

### जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 21 पहुंची

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। पुलिस के अनुसार, मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि मेथेनॉल मिलाकर जहरीली शराब तैयार की गई थी। पुलिस और आबकारी विभाग अवैध शराब के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटे हैं।

### सीमा पार भागने की कोशिश कर रहे 2 संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की चिनार कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उरी सेक्टर में जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाकर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। दोनों सोपोर निवासी बताए जा रहे हैं और एक स्थानीय गाइड की मदद से सीमा पार भागने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि दोनों का मकसद क्या था और उनके संपर्क किन लोगों से थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

### दिल्ली में 150 अवैध घरों पर चला बुलडोजर

**दिल्ली।** दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में रविवार को अतिक्रमण हटाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत करीब 150 अवैध घरों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। अधिकारियों के अनुसार, संबंधित लोगों को पहले नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद ही यह कार्रवाई शुरू की गई।

### शिक्षा मंत्रालय में नहीं लगी आग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सोमवार सुबह आग लगने की एक घटना को लेकर सोशल मीडिया और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय में आग लग गई। हालांकि अब इस मामले में शिक्षा मंत्रालय की ओर से आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी कर स्थिति साफ कर दी गई है। मंत्रालय ने कहा है कि शिक्षा मंत्रालय के दफ्तर में आग नहीं लगी थी और इस संबंध में फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं। शिक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि उसका कार्यालय नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-2, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड पर स्थित है, जबकि आग लगने की घटना स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर परिसर में हुई थी। यह परिसर विकास मार्ग, आईटीओ स्थित इंद्रप्रस्थ एस्टेट में मौजूद है। मंत्रालय ने कहा कि गलत जानकारी के प्रसार को रोकने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

सीएम योगी ने सूर्या चौहान हत्याकांड का जिक्र कर दिया सख्त संदेश

## दोस्ती की आड़ में हिंसा बर्दाश्त नहीं



**बिजनौर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिजनौर के अफजलगढ़ क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाया। हाल ही में गाजियाबाद में हुए बहुचर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड का जिक्र करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि दोस्ती के नाम पर हिंसा, क्रूरता और छुरेबाजी जैसी घटनाएं उत्तर प्रदेश में किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं की जाएंगी। उन्होंने अपराधियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग कानून को हाथ में लेंगे, वे गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि गाजियाबाद की यह घटना बेहद दुखद है और इसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। दोस्ती के बहाने जिस तरह से इस वारदात को अंजाम दिया गया, वह सभ्य समाज के ताने-बाने पर एक गहरा आघात है। इस दौरान सीएम ने अभिभावकों की भूमिका और उनकी सामाजिक जिम्मेदारी पर भी तीखा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता अपने बच्चों को सही संस्कार, नैतिकता और सही दिशा देने में असफल रहते हैं, तो यह पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाता है।

मुख्यमंत्री ने धार्मिक और ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि अहिंसा और करुणा मानवता के सच्चे आभूषण हैं, लेकिन जब समाज और राष्ट्र के सामने दुष्ट प्रवृत्तियां खड़ी हों, तो उनसे सख्ती से निपटना भी उतना ही आवश्यक है। भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम के आदर्शों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के दमन के लिए शासन को दृढ़ता दिखानी ही पड़ती है। सरकार हमेशा कानून का पालन करने वाले आम नागरिकों, गरीबों और व्यापारियों के साथ खड़ी है, लेकिन अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

अपने बिजनौर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री का एक जनकल्याणकारी रूप भी देखने को मिला, जहां वे अफजलगढ़ क्षेत्र के आलमपुर गांवड़ी गांव पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर दोपहर को उतरने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने वहां लगाई गई विभिन्न विकास प्रदर्शनियों का अवलोकन किया, जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए स्थानीय 'विदुर ब्रांड' उत्पाद, कृषि एवं उद्यानिकी प्रदर्शनी और पुलिस विभाग के स्टॉल शामिल थे। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के तहत उन्होंने 'प्रेरणा कैफे' का उद्घाटन भी किया। इस दौरे का एक महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए शरणार्थी परिवारों और पूर्व सैनिकों से मुख्यमंत्री की मुलाकात रही। उन्होंने शरणार्थियों की समस्याओं को सुना और उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जमीन के अधिकार पत्र और खतौनी का वितरण किया।

### बिजनौर दौरे पर सीएम योगी

बता दें कि सीएम योगी सोमवार को बिजनौर जनपद में अफजलगढ़ क्षेत्र के आलमपुर गांवड़ी गांव पहुंचे। दोपहर करीब 1:55 बजे उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा, जहां बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल के निकट लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विदुर ब्रांड उत्पादों, कृषि एवं उद्यानिकी प्रदर्शनी, ऊर्जा विकास से जुड़े स्टॉलों तथा पुलिस विभाग की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी किया।

# तीन दोषियों को छह-छह साल की सजा निवेशकों को रकम लौटाने का आदेश

**अगरतला**

त्रिपुरा के बहुचर्चित चिटफंड घोटाले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा और सख्त फैसला सुनाया है। इस फैसले में निजी कंपनी प्रगतिशील इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज लिमिटेड तथा उसके तीन शीर्ष पदाधिकारियों को दोषी ठहराया है। पश्चिम त्रिपुरा जिले के अगरतला स्थित विशेष सीबीआई न्यायालय ने कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरिंदम दास, निदेशक परितोष दास और प्रशासनिक निदेशक दीपशिखा चक्रवर्ती को आम निवेशकों के साथ धोखाधड़ी और करोड़ों रुपये के गबन का दोषी मानते हुए छह-छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने सजा के साथ-साथ प्रत्येक दोषी पर तीन लाख रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है। वहीं, चिटफंड कंपनी प्रगतिशील इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज लिमिटेड पर सात लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अदालत का यह फैसला उन हजारों निवेशकों के लिए राहत की उम्मीद लेकर आया है।

करोड़ों रुपए की ठगी पर कसा शिकंजा, कंपनी पर भी लगा भारी जुर्माना



### जांच में आरोप साबित, 2018 में दाखिल हुई थी चार्जशीट

सीबीआई की गहन जांच में शिकायतों और आरोपों की पुष्टि होने के बाद एजेंसी ने 28 मई 2018 को अरिंदम दास, परितोष दास, दीपशिखा चक्रवर्ती तथा कंपनी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। वर्षों तक चली सुनवाई, दस्तावेजी साक्ष्यों और गवाहों के परीक्षण के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा का आदेश जारी किया।

### फैसले से मिलेगी पीड़ित निवेशकों को बड़ी राहत

विशेष न्यायाधीश ने अपने फैसले में निवेशकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए हैं। अदालत ने कहा है कि दोषियों से वसूले जाने वाले जुर्माने की राशि सक्षम अधिकारियों को हस्तांतरित की जाए, ताकि उनाकोटी जिले के जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर के माध्यम से पीड़ित जमाकर्ताओं के बीच उसका आनुपातिक वितरण किया जा सके।

### 2012 में दर्ज हुआ था मामला, 2013 में सीबीआई ने संभाली जांच

मामले की शुरुआत कैलाशहर पुलिस स्टेशन में 30 अप्रैल 2012 को दर्ज शिकायत से हुई थी। बाद में त्रिपुरा सरकार और भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की अधिसूचनाओं के अनुरूप इस प्रकरण को आगे की जांच के लिए 8 अक्टूबर 2013 को सीबीआई को सौंप दिया गया। सीबीआई ने मामले को पुन: दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि कंपनी के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में लोगों से जमा योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपये एकत्र किए और बाद में निवेशकों को भुगतान करने में विफल रहे। जांच एजेंसी के अनुसार आरोपियों ने लगभग पांच से छह करोड़ रुपये की राशि का गबन किया।

### कुर्क संपत्तियों से भी होगी वसूली

अदालत ने सक्षम अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि कानून के तहत उपलब्ध प्रावधानों का उपयोग करते हुए आरोपियों की कुर्क की गई संपत्तियों से अधिकतम संभव राशि की वसूली की जाए। इसके बाद यह धनराशि उन सभी पहचान किए गए निवेशकों और जमाकर्ताओं में आनुपातिक रूप से बांटी जाए, जिन्हें अब तक उनकी जमा पूंजी वापस नहीं मिली है। अदालत के इस फैसले को चिटफंड घोटालों के खिलाफ कड़ा संदेश और पीड़ित निवेशकों के लिए न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


## आंधी और बारिश को लेकर मुख्यमंत्री योगी सख्त, अधिकारियों को निर्देश

**लखनऊ**

पिछले तीन दिनों से जारी आंधी, बारिश और तेज हवाओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को कई जिलों में आंधी, बारिश और तूफान की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन, राहत आयुक्त कार्यालय तथा संबंधित विभागों को लगातार निगरानी बनाए रखने और किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन जनपदों में तेज आंधी, बारिश, ओलावृष्टि अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से जनहानि अथवा पशुहानि हुई है।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में अरुण लखानी की उम्मीदवारी पर गरमाई सियासतः संजय राउत

**मुंबई**



महाराष्ट्र में आगामी विधान परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा घोषित उम्मीदवारों की सूची, विशेषकर वर्धा-चंद्रपुर-गढ़चिरौली स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र से प्रसिद्ध उद्योगपति अरुण लखानी को मैदान में उतारे जाने के बाद विपक्षी दलों ने तीखे सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत ने सोमवार को इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा की चुनावी रणनीति और उसकी सांगठनिक निष्ठा पर गंभीर आरोप लगाए। राउत ने दावा किया कि भाजपा अब अपने मूल कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर केवल धनाढ्य उद्योगपतियों और अन्य दलों से आए दलबदलू नेताओं को तरजीह दे रही है। संजय राउत ने उद्योगपति अरुण लखानी के नामांकन को लेकर विस्तृत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लखानी का भाजपा से टिकट पाना कोई आश्चर्यजनक या अजीब बात नहीं है। उन्होंने लखानी को एक 'सज्जन व्यक्ति' बताते हुए स्पष्ट किया कि वे लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैचारिक और सक्रिय समर्थक रहे हैं। राउत के अनुसार, लखानी का नाम विदर्भ क्षेत्र के उन चुनिंदा और प्रभावी लोगों की सूची में हमेशा से शामिल रहा है जिन्होंने परदे के पीछे रहकर संघ की विचारधारा को हर स्तर पर मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि महाराष्ट्र से संसद और विधानसभा में ऐसे कई नेता मौजूद हैं जिनकी पारिवारिक और वैचारिक जड़ें पूरी तरह से संघ में समाहित हैं। लखानी कभी भी कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का हिस्सा नहीं रहे, इसलिए उनके संघ समर्थक होने और भाजपा से टिकट मिलने में कुछ भी अस्वाभाविक नहीं है। राउत ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा की आंतरिक सांगठनिक स्थिति पर गहरी चिंता और तंज व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जो पार्टी कभी 'कैडर-बेस्ड' और अपने कार्यकर्ताओं के दम पर चलने का दम भरती थी, आज उसी पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद सीमित हो गई है।

## नीट पेपर लीक केसः सीबीटी परीक्षा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली**

नीट-यूजी की 21 जून की होने वाली परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के रूप में कराई जाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश देने से साफ इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही हम जुलाई में इसकी सुनवाई करेंगे। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि वह केवल उस मांग पर जोर दे रहे हैं जिसमें दोबारा परीक्षा सीबीटी मोड में करवाने की बात कही गई है। हालांकि, जस्टिस नरसिम्हा ने टिप्पणी की कि कोर्ट पहले भी इसी तरह की याचिकाओं को खारिज कर चुका है। जब वकील ने दोबारा कहा कि वह केवल सीबीटी से संबंधित मांग पर ही जोर दे रहे हैं, तो बेंच ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर तुरंत सुनवाई नहीं करेगी। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, "हम इसे छुट्टियों के बाद देखेंगे।" इसके साथ ही, उन्होंने मामले की सुनवाई टाल दी। वहीं, नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर मनोज शिरूरे, आरोपी तेजस हर्षद कुमार शाह और मनीषा संजय हवलदार को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सोमवार को तीनों आरोपियों की कस्टडी समाप्त होने पर सीबीआई ने उन्हें अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद सुधाकर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई।

## अलीगढ़ में बनेंगे सोलर ड्रोन रक्षा मंत्रालय से मिला ऑर्डर

### लगेगी नई फैक्टरी और मिलेगी नौकरी



**अलीगढ़**

ताला और हार्डवेयर उद्योग के लिए पहचान रखने वाला अलीगढ़ अब रक्षा क्षेत्र की अत्याधुनिक तकनीक का भी केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। बेंगलुरु स्थित डिफेंस रिसर्च एवं टेक्नोलॉजी कंपनी न्यू स्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज ने यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में मानव रहित विमान निर्माण इकाई स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

कंपनी को इसके लिए 3.5 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। एनआरटी देश की प्रमुख निजी रक्षा अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल है। कंपनी को हाल ही में रक्षा मंत्रालय से सोलर पावर्ड यूएवी की आपूर्ति का बड़ा ऑर्डर भी मिला है। ऐसे में अलीगढ़ में प्रस्तावित निर्माण इकाई को डिफेंस कॉरिडोर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निवेश केवल एक नई फैक्टरी की स्थापना नहीं है, बल्कि यह संकेत है कि अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर में अब वास्तविक औद्योगिक गतिविधियां तेजी से आकार लेने लगी हैं। अब तक डिफेंस कॉरिडोर में निवेश प्रस्तावों और समझौता ज्ञापनों की चर्चा अधिक रही, लेकिन अब उत्पादन इकाइयों की स्थापना और निर्माण कार्य शुरू होने से परियोजना जमीन पर उतरती दिखाई दे रही है। कंपनी की प्रस्तावित इकाई में यूएवी और उससे जुड़ी आधुनिक प्रणालियों के निर्माण की संभावना है। रक्षा क्षेत्र में ड्रोन और मानव रहित प्रणालियों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए यह निवेश रणनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सेना की निगरानी, सीमा सुरक्षा, खुफिया जानकारी जुटाने और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में यूएवी की मांग लगातार बढ़ रही है।

### असम में सस्ती दाल, चीनी और नमक का वितरण रुका

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत रियायती दरों पर मिलने वाली दाल, चीनी और नमक के वितरण को अगले दो महीनों के लिए रोक दिया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में कहा गया है कि जून से प्रभावी रूप से इन तीनों वस्तुओं की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई है। राज्य सरकार ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि राज्य सरकार फिलहाल वोट-ऑन-अकाउंट (अंतरिम बजट) के तहत काम कर रही है और वित्त वर्ष 2026-27 का पूर्ण बजट नई सरकार जुलाई में पेश करेगी।

विभाग के अनुसार, जुलाई में बजट पारित होने के बाद अगस्त से यह योजना फिर शुरू कर दी जाएगी। हालांकि, लाभार्थियों को हर महीने मिलने वाला मुफ्त चावल पहले की तरह बिना किसी रुकावट के मिलता रहेगा। सरकार ने यह भी साफ किया है कि मई महीने के वितरण के बाद अगर किसी उचित मूल्य की दुकान पर मसूर दाल, चीनी या नमक का स्टॉक बचा हुआ है, तो उसे जून में जरूरतमंद परिवारों में बांटा जा सकता है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले फरवरी में तत्कालीन वित्त मंत्री अजंता नियोग ने 62,294.78 करोड़ रुपये के वोट-ऑन-अकाउंट का प्रस्ताव रखा था, ताकि पूर्ण बजट पेश होने तक आवश्यक सरकारी सेवाओं का खर्च जारी रखा जा सके। सरकार के मुताबिक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राज्य में 70.71 लाख परिवारों और 2.49 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त चावल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## अरूप बिस्वास ने मांगी अग्रिम जमानत

मेसी कार्यक्रम में टिकट की कथित कालाबाजारी और अव्यवस्था मामले में बढ़ी कानूनी मुश्किलें

**कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के पूर्व खेल मंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अरूप बिस्वास ने फुटबॉल महानायक लियोनेल मेसी के कार्यक्रम से जुड़े विवाद में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के बाद अग्रिम जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। बिस्वास ने सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले की बारासात जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। अदालत ने याचिका स्वीकार कर ली है, हालांकि मामले की पहली सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं की गई है।

यह मामला 13 दिसंबर 2024 को साल्ट लेक स्थित युवा भारती क्रीड़ांगन में आयोजित लियोनेल मेसी के "गोएट इंडिया टूर" कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़, टिकट वितरण में कथित अनियमितताओं, अव्यवस्था और तोड़फोड़ की घटनाओं की शिकायतें सामने आई थीं। इन्हीं आरोपों के आधार पर बिधाननगर दक्षिण पुलिस थाने में अरूप बिस्वास के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता ने 17 मई 2026 को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कार्यक्रम के आयोजन और टिकट वितरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुईं, जिसके कारण कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था का माहौल पैदा हुआ। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने 30 मई की रात को औपचारिक रूप से प्राथमिकी दर्ज की।

## राष्ट्रपति ह्लाइंग के दौरे से मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंधः विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली**



विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को एक विशेष प्रेस ब्रीफिंग में म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के भारत दौरे पर जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, म्यांमार भारत का पड़ोसी देश है, जिसके साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा होती है। उन्होंने कहा, म्यांमार भारत की पड़ोसी पहले, एक्स ईस्ट, महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए नीतियों में अहम स्थान रखता है। विक्रम मिस्री ने बताया कि म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इस प्रतिनिधिमंडल में पांच कैबिनेट मंत्री, तीन उपमंत्री और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, एक बड़ा कारोबारी प्रतिनिधिमंडल और म्यांमार-भारत मैत्री संघ के सदस्य भी उनके साथ आए हैं। मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर म्यांमार के राष्ट्रपति 30 मई से तीन जून 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग को मूल रूप से अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन शिखर सम्मेलन में भाग लेना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से इस सम्मेलन को स्थगित करना पड़ा। ऐसे में इस अवसर का उपयोग भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के लिए किया गया। विदेश सचिव ने कहा, अप्रैल 2026 में पद संभालने के बाद यह म्यांमार के राष्ट्रपति की पहली विदेश यात्रा है। भारत पहला देश बना है, जहां का उन्होंने दौरा किया है। उन्होंने कहा कि म्यांमार भारत के लिए एक अहम देश है और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की जा रही है। वहीं, म्यांमार के राष्ट्रपति ह्लाइंग ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया कि म्यांमार की जमीन का इस्तेमाल भारत की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी गतिविधि के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

### 'भारत-म्यांमार के बीच गहरे धार्मिक संबंध'

उन्होंने कहा, नई दिल्ली पहुंचने से पहले म्यांमार के राष्ट्रपति ने बोधगया का दौरा किया। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और महाबोधि मंदिर, महाबोधि धम्मिका मठ तथा सुजाता मंदिर के दर्शन किए। विदेश सचिव ने कहा कि यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच गहरे बौद्ध एवं धार्मिक संबंधों को दर्शाती है। साथ ही यह दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत और दीर्घकालिक संबंधों को भी दर्शाती है।

# छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सोमवार को राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संस्थान के तत्वावधान में अर्बन को ऑपरेटिव बैंक के सभागार में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में कक्षा 10 व 12 वीं के 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाये छात्र छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।


सम्मानित मेधावियों के साथ मौजूद अतिथि। -जागरण मोर्चा

समारोह के मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, समारोह की अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर शिवानन्द महाराज, विशिष्ट अतिथि पुष्पा पाण्डेय (सदस्य, महिला आयोग, उत्तर प्रदेश), पवन मिश्रा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, परशुराम युवा मंच) दीपशिखा जोशी, रंजीत वशिष्ठ (चीफ वॉर्डन, सिविल डिफेंस, बरेली), बनवारी पाठक, नीलिमा पाठक, दीपक पाण्डेय (सचिव, बार एसोसिएशन, बरेली) ने अपने कर कमलों द्वारा छात्र छात्राओं को पुरस्कार, प्रमाणपत्र देकर व पटका व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। डॉ राघवेन्द्र शर्मा ने उपस्थित छात्रों व उनके अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिश्रम करना है तथा अपने समाज के साथ साथ समाज के अन्य वर्गों के साथ मिलकर देश को आगे बढ़ाएं। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा देश सेवा सर्वोपरि है। अपने अध्यक्षीय भाषण में महामंडलेश्वर शिवानन्द महाराज ने छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो अपने संस्कारों को छोड़ना नहीं है बल्कि अच्छे संस्कारों के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करो। कर्म ही पूजा है। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डेय ने छात्र छात्राओं का आव्हान करते हुए कहा कि एक लक्ष्य चुनो और उस पर डट जाओ। लक्ष्य एकाग्रता से मिलता है।

दीपक पाण्डेय ने व डॉ दीपशिखा जोशी ने सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं को उनके द्वारा प्राप्त किए गए सफलता पर उन्हें बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। संचालन जिला सेवक शिवलेश चन्द्र पाण्डेय व राष्ट्रीय महामंत्री नितिन शर्मा ने किया। समारोह में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विपिन शर्मा सोनू का विशेष सहयोग रहा। प्रतेश पाण्डेय, पाला भईया, दीपक गौतम, शिवकुमार शर्मा, हरीश मिश्रा, जूही शर्मा, नितिन शर्मा, मधु शर्मा, अमित शर्मा, प्रदीप शर्मा, मोहित पाण्डेय, डॉ बृजेश पाठक, सुशील शर्मा, आदि सेवकों ने भी छात्रों को सम्बोधित किया। हरिओम गौतम, वीरेन्द्र मिश्रा, अनिल शर्मा, शान्तनु मिश्रा (संयुक्त सचिव, कार्यालय, बार एसोसिएशन बरेली), नीलकमल पाठक, डॉ श्वेतकेतु शर्मा, डॉ रीता शर्मा, तुलसी राम शर्मा आदि को पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

## सार संक्षेप

### बिहारी जी मेरी नैया उसे पार लगा देना, अब तक तो निभाया है आगे भी निभा देना

**बरेली।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ब्रजधाम बृज लोक में एक शाम बिहारी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना के बाद राकेश खंडेलवाल के भजन गाया, सारे जहां के मालिक तेरा आसरा है। सर्वेश अग्रवाल ने गाया हरि जी मेरी अखियां के आगे रहियो, दीपेश ने गाया मेरा मन मोह लिया कुंडला वाले ने, गोविंद चले आओ गोपाल चले आओ भजनों पर भजन गायक जगदीश भाटिया, गिरधर गोपाल व सभी भक्तों ने नृत्य भी किया। अंत में राधा नाम लेने के बाद हनुमान चालीसा व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। स्वागत में राकेश खंडेलवाल, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, विनय खंडेलवाल, पंकज अग्रवाल, वीरेंद्र खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल व भजन गायक जगदीश भाटिया ने किया। अंत में प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# जेसीबी की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

## शादी के बाद परिवार में मचा कोहराम


जिला अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** दिल्ली जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे व्यक्ति की जेसीबी की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के बाद में जेसीबी चालक मशीन को छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्योलड़िया के अंटगा चांदपुर निवासी अनीस खां 54 वर्षीय जरी का काम करते थे। कल शाम को वह दिल्ली जाने के लिए सैटेलाइट जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे।उसी समय वहां पर शराब के नशे में आए एक जेसीबी चालक ने जेसीबी से उन्हें कुचल दिया। इस घटना के बाद में वहां पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ वहां पर लग गई। घटना के बाद में जेसीबी का चालक जेसीबी को छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास में मिले मोबाइल नंबर पर पुलिस ने इस घटना की जानकारी अनीस के परिजनों को दी। सोमवार सुबह को अनीस के परिजनों ने जिला अस्पताल में पहुंच कर अनीस के शव की शिनाख्त की।अनीस का शव देखकर परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मौके पर मिली जेसीबी को अपने कब्जे में लेकर उसके नंबर के आधार पर जेसीबी मालिक को हिरासत में लें लिया है। परिजनों ने बताया कि अनीस ने दो शादिया की थी। उनकी पहली पत्नी का नाम परवीन और दूसरी पत्नी का नाम रेहाना है। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से गिरकर फार्मासिस्ट की मौत

**बरेली।** जंक्शन पर सोमवार को एक हादसा हो गया। चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक फार्मसिस्ट का पैर फिसलने से ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। अपने सामने हुए इस हादसे से अधेड़ की पत्नी बदहवास हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने अधेड़ को जिला अस्पताल भेजा, जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज निवासी वैटनरी फार्मसिस्ट विजय कुमार अपनी पत्नी अंजना सहाय के साथ में अपनी फिजियोथेरेपी कराने शहर में आये थे। सोमवार को सुबह 11 बजे वह अपनी पत्नी अंजना सहाय के साथ में प्लेटफार्म नबंर एक पर पहुंचे थे। उस समय प्लेटफार्म पर त्रिवेणी एक्सप्रेस चल रही थी। विजय कुमार ने ट्रेन छुटने डर से चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, इसमें उनकी पत्नी अंजना सहाय पीछे छूट गई। जल्दबाजी के चक्कर में विजय ट्रेन के दरवाजे पर लटक गए। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक संतुलन बिगड़ते ही विजय कुमार का पैर फिसल गया और वे सीधे पटरियों के बीच जा गिरे और ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। अपने पति की अपने सामने हुई मौत देख कर उनकी पत्नी अंजना सहाय की चीखों से पूरा जंक्शन गूंज उठा। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल विजय को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पति को खोने के बाद अंजना सहाय का रो-रोकर बुरा हाल है। बिलखते हुए बोलीं, अब उनके बिना कैसे रह पाऊंगी, उनकी लाश लेकर घर कैसे जाऊंगी। उनके दर्द ने मौजूद लोगों की आंखें नम कर दीं।



# ब्रह्माकुमारीज ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 16 नशा पीड़ित भाईयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी को तंबाकू एवं अन्य नशों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके पारुल बहन का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से तंबाकू के हानिकारक प्रभावों तथा उससे मुक्ति पाने के उपायों पर प्रकाश डाला। बीके निशा बहन ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर सभी में नई ऊर्जा का संचार किया। बीके ज्ञानी बहन ने सभी प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए आंतरिक शक्ति एवं सकारात्मकता का अनुभव कराया। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति केंद्र के संचालक विनय पटेल को ईश्वरीय सौगात, साहित्य एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने स्वस्थ, खुशहाल एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु अपना सहयोग देने का संकल्प लिया। सभी नशा पीड़ित भाइयों को कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद, आध्यात्मिक पुस्तक व वरदान देकर शुभकामनाएं दी।

# रंग बिरंगी बच्चों की आइसक्रीम में मिल रहे यूरिया-डिटर्जेंट

- जांच में खुली मिलावट की बड़ी पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गर्मी से राहत देने वाली रंग-बिरंगी आइसक्रीम अब सेहत के लिए बड़ा खतरा भी साबित हो सकती है। फूड सेफ्टी विभाग की जांच रिपोर्टों ने खुलासा किया है कि बाजार में बिक रही कई आइसक्रीम और डेयरी उत्पादों में यूरिया, डिटर्जेंट, सिंथेटिक केमिकल, घटिया फैट और कृत्रिम रंगों जैसी खतरनाक मिलावट पाई गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी आइसक्रीम बच्चों के शरीर में "स्लो पॉइजन" की तरह असर कर रही हैं और पेट, किडनी व लिवर से जुड़ी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं।तापमान बढ़ने के साथ ही आइसक्रीम और सॉफ्टी की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। इसी का फायदा उठाकर मिलावटखोर दूध और क्रीम की जगह सिंथेटिक फैट, सस्ते केमिकल, आर्टिफिशियल फ्लेवर और इंडस्ट्रियल कलर का इस्तेमाल कर कम लागत में बड़े पैमाने पर आइसक्रीम तैयार कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कुछ नमूनों में दूध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए यूरिया और टेक्सचर सुधारने के लिए डिटर्जेंट जैसे तत्वों के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है।फूड सेफ्टी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बीते चार महीनों में जांच के लिए भेजे गए 529 खाद्य नमूनों में 200 से अधिक नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें खोया, पनीर और अन्य डेयरी उत्पाद शामिल थे, जिनका उपयोग आइसक्रीम निर्माण में किया जा रहा था। सबसे चिंताजनक तथ्य यह रहा कि आइसक्रीम उत्पादों के 50 प्रतिशत से अधिक नमूने गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाए गए।

### बच्चों की सेहत पर सबसे बड़ा खतरा

बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है। ऐसे में मिलावटी आइसक्रीम का असर सबसे पहले उनके पाचन तंत्र, किडनी और लिवर पर पड़ता है। लगातार सेवन से फूड पॉइजनिंग, उल्टी-दस्त, पेट का संक्रमण, एलर्जी, स्किन रिएक्शन, मोटापा, फैटी लिवर, हार्मोनल असंतुलन और कमजोर इम्युनिटी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। डॉ. वंदना नेगी, पीडियाट्रिशियन के अनुसार गर्मियों में फूड पॉइजनिंग और पेट संबंधी बीमारियों के कई मामलों के पीछे सस्ती और मिलावटी आइसक्रीम बड़ी वजह बन रही है। वहीं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महेश कुमार मेहरोत्रा का कहना है कि सिंथेटिक फ्लेवर और कृत्रिम रंग बच्चों के हार्मोनल सिस्टम और लिवर को प्रभावित कर सकते हैं।


### क्या करें उपभोक्ता

गर्मी में आइसक्रीम खरीदते समय केवल लाइसेंस प्राप्त ब्रांड और प्रतिष्ठानों से ही उत्पाद लें। पैकेट पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट जरूर जांचें। बच्चों को सड़क किनारे खुले में बिकने वाली सस्ती आइसक्रीम से दूर रखें।

# भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आम का पेड़ गिरने से उद्योगों का कार्य हुआ प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के भोजीपुरा औधोगिक क्षेत्र में बीते दिनों में आई आंधी और पानी के कारण आम का पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से वहां पर लगभग दो दर्जन उद्योगों का कार्य प्रभावित हो गया। इससे वहां पर फैक्ट्री संचालकों रोष फैल गया है।


भोजीपुरा औधोगिक क्षेत्र में पेड़ गिरने से अवरूद्ध सड़क। -जागरण मोर्चा

औधोगिक क्षेत्र के अध्यक्ष ने प्रेशासन को पत्र लिखकर पेड़ को तत्काल हटवाने की मांग की है। अध्यक्ष भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अजय शुक्ला ने बताया कि मुख्य मार्ग पर आम कर पेड़ गिरने से वहां पर दो दर्जन से ज्यादा उद्योगों का कार्य प्रभावित हो गया है। वहीं सड़क मार्ग बंद होने से आवागमन में भी समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि उद्योगों में कच्चा माल, रॉ मटेरियल न तो पहुँच पा रहा है, न ही तैयार माल की लोडिंग-अनलोडिंग हो पा रही है। उत्पादन कार्य ठप हो गया है, जिससे उद्यमियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है एवं उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। श्रमिकों का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अपने पत्र में मांग की है कि संबंधित विभाग को तत्काल निर्देशित करते हुए गिरे हुए आम के पेड़ को प्राथमिकता के आधार पर मार्ग से हटवाया जाए। जब तक मार्ग साफ नहीं होता, वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराई जाए ताकि उद्योगों का संचालन सुचारू हो सके।

# राज्य कार्यकारिणी में जगह मिलने के बाद बढ़ा समर्थ मिश्रा का राजनीतिक कद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता समर्थ मिश्रा को उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किए जाने के बाद जनपद बरेली की राजनीति में उनकी सक्रियता और राजनीतिक प्रभाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे पार्टी नेतृत्व द्वारा युवा नेतृत्व पर जताए गए विश्वास और समर्थ मिश्रा की बढ़ती संगठनात्मक पकड़ के रूप में देखा जा रहा है। छात्र राजनीति से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले समर्थ मिश्रा ने पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। बरेली



कैंट क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क, युवाओं के बीच संवाद और विभिन्न सामाजिक वर्गों के साथ सक्रिय भागीदारी के कारण उनका जनाधार लगातार मजबूत होता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि समर्थ मिश्रा उन युवा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने संगठन के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम किया है। यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनके योगदान को सम्मान दिया है।

# पांच दिन में मांगे पूरी न होने पर सड़क पर उतरेंगे सफाई कर्मचारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम के आउटसोर्स और ठेका सफाई कर्मचारियों ने एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी है। कर्मचारियों के संगठन ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देते हुए आरोप लगाया है कि 18 और 26 मई को दिए गए मांग पत्रों पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि शासन द्वारा एक मई से निर्धारित वेतन प्रावधान के अनुसार आउटसोर्स और ठेका सफाई मित्रों को 435.14 रुपये प्रतिदिन का भुगतान किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं, बीमा और अन्य


नगर निगम में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

कल्याणकारी लाभ भी उपलब्ध कराए जाएं। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि लगातार मांग उठाने के बावजूद निगम प्रशासन उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो ठेका और आउटसोर्स सफाई कर्मचारी उग्र आंदोलन शुरू करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि जरूरत पड़ने पर वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। सफाई कर्मचारियों की इस चेतावनी के बाद नगर निगम प्रशासन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि शहर की सफाई व्यवस्था काफी हद तक आउटसोर्स और ठेका कर्मचारियों पर निर्भर है। ज्ञापन लेने के बाद में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि 3 दिन में उनका मानदेय समय पर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। कार्य एजेंसियों के खिलाफ भी का एक्शन लिया जाएगा।

**दुखद** परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस बोली- पोल से टकराई बाइक

# पैमाइश पर जा रही महिला की मौत से मचा बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में सोमवार को जमीन विवाद के बीच एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।घटना को लेकर परिजनों और पुलिस के दावे आमने-सामने हैं। परिजनों ने जमीन पर कब्जे के विवाद में दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस का कहना है कि महिला की मौत बाइक दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने से हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिवराजपुर निवासी मुकेश की पत्नी नन्हीं देवी (38) सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपने बेटे अजीत के साथ जमीन की पैमाइश कराने के लिए जा रही थीं। बताया जा रहा है कि राजस्व विभाग ने सोमवार को पैमाइश की तारीख तय की थी। इसी सिलसिले में मां-बेटा गांव की ओर जा रहे थे।पुलिस के अनुसार, जरौल और इटौरिया गांव के बीच सड़क किनारे पड़े एक बिजली के खंभे से अजीत की बाइक टकरा गई। हादसे में नन्हीं देवी सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। घायल अवस्था में उन्हें फरीदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतका के पति मुकेश और परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने नगरिया और जरौल गांव के बीच रास्ते में उन्हें घेर लिया। आरोप है कि लाठी-डंडों से हमला कर नन्हीं देवी और उनके बेटे अजीत को पीटा गया, जिससे महिला के सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि यह हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हमला है।

### दो साल से चल रहा है जमीन का विवाद

अजीत ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन पर शाहजहांपुर के कुछ लोग पिछले दो वर्षों से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2025 में उनके साथ मारपीट की गई थी, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। इस मामले में जून 2025 में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि इस साल गेहूं की फसल काटने से भी परिवार को रोका गया था। बाद में प्रशासन ने फसल कटवाकर उसकी राशि ग्राम प्रधान के पास जमा करवा दी थी और पैमाइश के बाद भुगतान करने की बात कही थी।

### न्याय के लिए दर-दर भटक रहा परिवार

पीड़ित परिवार का कहना है कि वह तहसील समाधान दिवस, थाना दिवस और उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत कर चुका है, लेकिन अब तक विवाद का स्थायी समाधान नहीं हो सका। परिवार का आरोप है कि राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। सीओ फरीदपुर संदीप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत बाइक के बिजली के खंभे से टकराने के बाद गिरने से हुई प्रतीत हो रही है। जमीन विवाद को लेकर मुकदमा पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# योगी के विकसित यूपी का चमका भविष्य, बरेली के मेधावियों पर बरसी सम्मान की सौगात

## जिले के टॉपर्स को मिले 21-21 हजार रुपये, मेडल और प्रशस्ति पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिक्षित, सक्षम और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को सोमवार को बरेली में नई ताकत मिली। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा का उत्सव मनाया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिले के टॉपर्स को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण बरेली में भी देखा गया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिभाओं को मंच और सम्मान देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। दूरदृष्टि, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही मंजिल तक पहुंचाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। वहीं जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि किसी भी बच्चे को संवारने में उसकी मां की सबसे बड़ी भूमिका होती है, क्योंकि वही उसकी पहली गुरु होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि मेहनत और समर्पण से ही सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है।

### इन मेधावियों ने बढ़ाया जिले का मान

हाईस्कूल वर्ग में दामिनी सिंह, इकरा, अभिषेक, भाव्या, सुरजीत बाबू और रोशनी को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में प्रशांत, अनुज कुमार, उज्जवल गुप्ता और विवेक को सम्मान मिला। सभी विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इंटरमीडिएट परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल करने वाली छात्रा आफरीन अदीबा समारोह में शामिल नहीं हो सकीं, लेकिन उनकी उपलब्धि की विशेष सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी गईं।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सैदनगर।** मामला थाना क्षेत्र के मेहंदी नगर शुमाली गांव का था। प्राथमिक विद्यालय में 10 दिन पूर्व कूमल लगाकर चोरी हो गई थी। चोर स्कूल से इनवर्टर, बैट्री, गैस सिलेंडर, कैमरे, लैपटॉप आदि कीमती सामान चुरा कर ले गए थे। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। रविवार देर रात थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ खंडिया के नजदीक चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए मिले। पुलिस दोनों को थाने ले आई और जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्कूल में चोरी की वारदात अंजाम देने की बात कही।



पुलिस ने सख़्ती से पूछताछ की दो आरोपियों ने मेहंदी नगर गांव में कुछ दिन पूर्व चोरी करने की बात कबूल ली। पुलिस ने आरोपियों की निशान देही पर चोरी गया स्कूल का सामान भी बरामद कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी शफीक उर्फ गुड्डु पुत्र नबी अहमद और फरीद पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम दौक पुरी टांडा के निकले। आरोपी पहले भी चोरी की घटना में पकड़े जा चुके थे। दोनों आरोपियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया दोनों आरोपी स्कूलों में चोरी किया करते थे।

## चोरी के माल के संग दो आरोपियों को पकड़ा

**रामपुर।** थाना अजीमनगर पुलिस ने दो आरोपियों को चोरी किए माल के साथ पकड़ा है। 12 मई को प्राथमिक विद्यालय मेहंदीनगर शुमाली में चोरी हुई थी। इस मामले में स्टॉफ की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी। जिसमें पुलिस ने शफीक, फरीद को निवासी दोकपुरी को पकड़ा है। दोनों पास से एक बैट्रा, इन्र्वटर बरामद किए है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दोनों कोर्ट में पेश किया जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया हैं।

# सीएम का काफिला गुजरने से पहले लोनिवि ने भरवाए गड्ढे

- गड्ढों को भरकर सड़क को कराया समतल, प्रशासन रहा अलर्ट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला गुजरने से पहले ही लोक निर्माण विभाग ने सड़कों में हुए गड्ढों को भरवाया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अपने सामने ही सड़कों में हुए गड्ढों को भरवाकर समतल कराया। दिन भर लोनिवि अफसर इधर से उधर भागते रहे। दर असल, मुख्यमंत्री बिजनौर जाकर पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों, पूर्व सैनिकों, लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित कर साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं सहायता राशि प्रदान किए। वे स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'विदुर प्रेरणा कैफे' और कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन भी किया। लखनऊ से बिजनौर जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से मूंढापांडे पहुंचे। वहां से वे सड़क मार्ग द्वारा रामपुर के टांडा, दढ़ियाल और चौखंडी होते हुए बिजनौर के लिए रवाना हुए। सीएम के काफिले गुजरने से पहले ही लोक निर्माण विभाग अफसर सड़कों पर उतर आए। जहां उन्होंने दढ़ियाल के मुख्य चौराहे पर हुए गहरे गड्ढों को भरवाकर समतल कर दिया। गड्ढों को समतल कराए जाने के जायजा एक्सईएन केवी सिंह ने लिया।



दढ़ियाल के मुख्य चौराहे पर हुए गड्ढों को समतल करते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

### हेलीकॉप्टर से पहुंचे मूंढापांडे सीएम

लखनऊ से बिजनौर जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से मूढ़ापांडे पहुंचें। वहां से वे सड़क मार्ग द्वारा रामपुर के टांडा, दढ़ियाल और चौखंडी होते हुए बिजनौर के लिए रवाना हुए। सीएम के आगमन को लेकर कोसी पुल से लेकर मूंढापांडे हवाई पट्टी तक कई–कई टुकड़ियों की पुलिस की पीकैट लगी रही।

# हादसा: बेटे की ससुराल से लौट रही महिला की मौत

## सोमवार सुबह वापस गांव सीकमपुर लौटते समय हुआ सड़क हादसा, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे ग्राम सीकम पुर के रामलीला ग्राउंड के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय महिला सुमित्रा की मौत हो गई। सुमित्रा पत्नी हरिद्वारी अपने पति के साथ रविवार शाम बाइक से बेटे विकास की ससुराल ग्राम जटपुरा गई थी।

सोमवार सुबह दोनों वापस अपने गांव सीकमपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे रामलीला ग्राउंड के पास पहुंचे, उनके पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की इतनी जबरदस्त कि सुमित्रा बाइक से गिर पड़ी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पति हरिद्वारी बाल-बाल बच गए, उनके मामूली चोटें आई हैं।सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को टांडा सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।परिजन अस्पताल पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और एक बेटी शामिल हैं। दो बच्चों की शादी हो चुकी है। बेटे विकास की शादी मात्र 5 फरवरी 2026 को हुई थी।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल तेज बाइक चालक की तलाश की जा रही है।हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मची रही थी।



टांडा सीएचसी में पंचनामा भरती दरोगा आराधना तोमर।



टांडा सीएचसी के बाहर लगी लोगों की भीड़। –जागरण मोर्चा



महिला का फाइल फोटो।

### युवक की मौत के मामले में परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के धुरियाई निवासी अधेड़ की 30 मई को अज्ञात मोटरसाइकिल चालक की लापरवाही से टक्कर के बाद मौत हो गई। अधेड़ का अंतिम संस्कार करने के बाद मृतक के भाई श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।मृतक की पहचान भागीरथ पुत्र खुशाली प्रसाद निवासी ग्राम धुरियाई, थाना शाहबाद के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार भागीरथ शाम करीब 6 बजे शाहबाद से कुछ सामान लेकर वापस घर लौट रहे थे। आंधी बारिश के चलते वे थोड़ा देर से निकले थे। शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे स्थित धुरियाई मोड के पास किसी अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन देर शाम तक उनकी तलाश करते रहे। अगले दिन सुबह उनकी लाश सड़क किनारे एक पेड़ के पास मिली। मौके पर मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा भी टूटा हुआ पड़ा मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## शक्ति दरबार में भक्तों ने हवन में दी आहुति

**रामपुर।** सोमवार को मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने चौथे ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाते हुए बताया कि इनका प्रादुर्भाव ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से हुआ है। और यह स्वरूप भगवान शिव ने नारद की प्रार्थना पर बिंध्य पर्वत के अहंकार को नष्ट करने के लिए हुआ है। एक बार विंध्याचल ने नारद जी से अभिमान भरे वचनों से कहा था कि मुनिवर मुझसे ज्यादा वैभवशाली इस संसार में कोई नहीं है तभी नारद ने भगवान शिव को अभिमानी पर्वत को सुधारने को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थापित किया।दुर्वासा ऋषि ने विंध्याचल का मिट्टी में मिला दिया।बताया कि देव दानव मानव कोई भी हो अहंकार नहीं रहता।इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना करते हुए शीतल पदार्थ खाए। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज, सुखदेव, नीलम, रेखा, मौजूद रहे।



हवन में आहुति देते भक्त।

# स्वार सीएचसी प्रकरण की जांच ठंड बस्ते में

- सीएचसी प्रभारी की कुर्सी पर बैठाने का बताया था प्रोटोकॉल का उल्लंघन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक की कुर्सी पर बैठकर निरीक्षण करने का मामला पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा था। लेकिन अब यह मामला ठंडे बस्ते में जाता दिखाई दे रहा हैं। स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी के बेटे ने स्वार सीएचसी का पिछले दिनों निरीक्षण किया था। इस दौरान न केवल मौजूद प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिए, बल्कि अधीक्षक की कुर्सी पर बैठकर अपना प्रभाव भी दिखाया।

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसके बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जांच के आदेश दिए। दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। साथ ही यह कहा गया था जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद उसे शासन को भेजा जाएगा। हालांकि काफी बीत जाने के बावजूद न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हुई और न ही किसी तरह की कार्रवाई सामने आई है। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है स्थानीय लोगों को कहना है कि इस तरह के मामले में जांच और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। ताकि जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई हो सके। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया था और संज्ञान में आते ही मेरे द्वारा जांच कमेटी का गठन किया। कमेटी में दो सदस्य थे। यह प्रकरण प्रोटोकॉल के उल्लंघन है। इस तरह से सीएचसी प्रभारी की कुर्सी पर बैठना नहीं चाहिए था। आगे जैसा भी दिशा निर्देश मिलता है उस पर कार्रवाई की जानी थी।



स्वार सीएचसी में अभिलेखों को देखते विधायक के बेटे।(फाइल फोटो)


# जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल

- राम रहीम पुल पर बाइक सवार को मारी थी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को आरोपी के पास से एक तमंचा मय एक खोखा कारतूस व 2 जिन्दा कारतूस और बाइक बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। उसी के चलते थाना सिविल लाइन पुलिस मय एसओजी टीम द्वारा ग्राम जुटिया की तरफ जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया। आरोपी द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरता देख कच्चे रास्ते से बाइक लेकर भागने लगा एवं बाइक स्लिप होकर गिर गया । जिसके द्वारा स्वंय को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की।आत्मरक्षार्थ थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा फायर करने पर आरोपी रनवीर सिंह पुत्र तेज सिंह निवासी मथुरापुर कलां थाना पटवाई के बायें पैर में गोली लगी । थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा घायल के उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस मिले।



### दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**स्वार।** थाना स्वार पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की नकदी, आधार कार्ड तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 26 मई 2026 को एक दुकानदार ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसकी दुकान की दीवार काटकर अंदर घुस गए और दुकान में रखी नकदी, मोबाइल फोन, आधार कार्ड तथा पुरानी बिजली मोटर चोरी कर ले गए। इस संबंध में थाना स्वार में मुकदमा संख्या 188/2026 धारा 331(4)/305ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मोहल्ला चक स्वार निवासी मगरूब पुत्र शकील का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को इतवार की बाजार के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 15,400 रुपये नकद, एक आधार कार्ड, एक बैग तथा चोरी में प्रयुक्त कटर, प्लास और लोहे के उपकरण बरामद किए गए।

# गैंगस्टर एक्ट में पांच आरोपियों पर पुलिस ने किया केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** कोतवाली पुलिस ने एक सुसंगठित एवं सक्रिय गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम की धारा 3(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। यह गिरोह अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के सदस्य संगठित रूप से गौवंशीय पशुओं का वध कर उनका मांस बेचने जैसे घृणित अपराध करते थे तथा लोगों को डरा-धमकाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करते थे।

गिरोह के भय और आतंक के कारण क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध शिकायत करने या गवाही देने का साहस नहीं कर पाता था। बीट सूचना रिपोर्ट दिनांक 13 अप्रैल 2026 व 14 अप्रैल 2026 की जांच में यह तथ्य सही पाए गए। गैंग लीडर सुभान पुत्र सलामत निवासी मोहल्ला नालापार शाहबाद है जबकि परवेज उर्फ परवेश पुत्र रईश अहमद निवासी नई बस्ती बिसौली बदायूं, नन्हे पुत्र शरीफ निवासी मोहल्ला कस्साबान शाहबाद, महफूज पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला नालापार शाहबाद और शरीफ पुत्र सूखा निवासी ग्राम ओसी शाहबाद उसके गैंग के सदस्य है।जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट दिनांक 30 मई 2026 के आधार पर इन आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट व गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही की जा रही है।




पुलिस की गिरफ्त में गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहा आरोपी परवेज।






आयोजन | जिला अस्पताल में 92 लोगों के मुंह की कराई गई जांच

# तंबाकू निषेध दिवस: सीएमओ ऑफिस में दिलाई तंबाकू सेवन न करने की शपथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस हस्ताक्षर अभियान में कार्यालय में कार्यालय के सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी और समस्त कर्मचारियों ने हस्ताक्षर करके अपने जीवन में कभी तंबाकू का सेवन न करने तंबाकू मुक्त बनाने के लिए हस्ताक्षर किए।

इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने सभी को शपथ दिलाई। इंडियन डेंटल एसोसिएशन की शाखा द्वारा तंबाकू से पीड़ित व्यक्तियों के लिए जिला चिकित्सालय में एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना द्वारा किया गया।इस कैंप में 95 ऐसे व्यक्तियों को मुंह की जांच की गई। जो किसी प्रकार की तंबाकू का सेवन करते थे एवं उनका उपचार किया गया। इसमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन की सचिव डॉ. नैयला सिद्दीकी, अध्यक्ष अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों में प्रतिभाग किया। संचालन जिला सलाहकार डॉक्टर शहजाद एवं तंबाकू टीम ने किया।




तंबाकू का सेवन न करने को शपथ दिलातीं सीएमओ डॉ .दीपा सिंह। –जागरण मोर्चा

# यंग गोल्ड क्लब ने ताज क्लब को 66 रन से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

## तल्हा, फ़ाइक अजीम और नोमान ने एक-एक विकेट लिए, यंग गोल्ड क्लब बना विजेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में यंग गोल्ड क्लब और ताज क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें यंग गोल्ड क्लब मैच का विजेता बना।

मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बेटिंग करते हुए यंग गोल्ड क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए।जिसमें बल्लेबाज कारी नदीम ने शानदार नाबाद 66 रन, तलहा, हाजी बशर ने 20 रन,हाजी फरीद ने 17 रन, उस्मान ख्वाजा ने 16 रन बनाए। अतिरिक्त 12 रन बने। ताज क्लब के गेंदबाज बिलाल और वंश ने दो-दो विकेट तथा शाहाब, फैजान ने एक-एक विकेट लिए।जीत के लिए 163 रन बनाने के लिए ताज क्लब ने 16 ओवर में 96 रन बनाए। 9 विकेट के नुकसान पर अतिरिक्त 10 रन बने यंग गोल्ड क्लब के गेंदबाज उस्मान ख्वाजा, नवेद रहमानी ने दो-दो विकेट, तल्हा, फ़ाइक अजीम और नोमान ने एक-एक विकेट लिए।यंग गोल्ड क्लब 66 रन से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया।



विजयी टीम को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यंग गोल्ड क्लब के कारी नदीम को मास्टर मशीनरी के अकबर अली द्वारा प्रदान किया गया।

अंपायर राहत अली और बाबू रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने किया।इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला,आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, तौसीफ आलम, वसी खान,जुबैर आलम, कदीर पप्पू, नुरुल हुदा ,कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने किया सीसी रोड एवं नाली निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** कृषि राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक बलदेव सिंह औलख ने विधायक निधि से निर्मित विभिन्न सीसी रोड एवं नाली निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण किया।सोमवार को राज्यमंत्री ने गांव लखीमपुर में गुरदेव सिंह के घर से गुरचरन सिंह के घर तक 50 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

परियोजना पर लगभग 3.81 लाख रुपए की लागत आई है।इसके अलावा गांव गोदी में गुरुद्वारा से मुख्य मार्ग तक 100 मीटर लंबी सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, जिस पर करीब 9.21 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसी क्रम में गांव केशगढ़ में मुख्य मार्ग से शीतल के घर तक 100 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। लगभग 8.94 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना से ग्रामीणों को लंबे समय से अपेक्षित सुविधा प्राप्त हुई है। वहीं, गांव अलवा नगला में शारदुल सिंह के घर से मुख्य मार्ग तक 100 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया, जिस पर करीब 3.80 लाख रुपये की लागत आई है।


कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री बलदेव औलख। -जागरण मोर्चा

इसी बीच कार्यक्रम को संबोधित कर राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क,नाली, बिजली,पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि बिलासपुर विधानसभा के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को लंबे समय तक इन सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए।इस मौकें पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, लखविंदर सिंह हैप्पी,शमशेर सिंह शेरा,दिलबाग सिंह, जसपाल सिंह,गजराज सिंह गंगवार, गंजेंद्र गंगवार,रिंकू सिंह, सौरभ सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के टांडा से गुजरने की सूचना पर प्रशासन रहा अलर्ट

- टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर रही सख्त सुरक्षा, मुख्य बाजार कराया बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित काफिले के टांडा से गुजरने की सूचना पर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया। सोमवार को सुरक्षा के लिहाज से टांडा के मुख्य बाजार बंद करा दिए गए और पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की भारी तैनाती की गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से राजकीय विमान से मूंढापांडे पहुंचेंगे। वहां से राजकीय हेलीकॉप्टर से बिजनौर रवाना होंगे, लेकिन अचानक मौसम खराब होने के कारण वे सड़क मार्ग से टांडा, दढ़ियाल और चौखंडी होते हुए बिजनौर के लिए रवाना होंगे।सीएम के संभावित रूट को देखते हुए प्रशासन ने आनन-फानन में तैयारी शुरू कर दी। नगर के मुख्य मार्ग सहित दढ़ियाल मार्ग पर सभी गड्ढों को तुरंत भरवा दिया गया। मार्ग पर विशेष पुलिस बल तैनात रहा ताकि यातायात सुचारू रहे और कोई अप्रिय घटना न हो।हालांकि जब मुख्यमंत्री मूंढापांडे हवाई पट्टी से हेलीकॉप्टर के जरिए बिजनौर रवाना हो गए तब स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली।



टांडा में बंद पड़ा बाजार और तैनात पुलिस बल। -जागरण मोर्चा

# दलित महापुरुषों की विचारधारा पर चल रही है सपाः सुरेंद्र सिंह सागर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पीडीए को मजबूत करने के लिए विधानसभा 36 बिलासपुर के विभिन्न गांव जसमोली, बराखास मिलक, मोहम्मद बंशीपुर, बकनोरी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव/पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह सागर ने जनसंपर्क किया।

कहा कि आज दलित समाज के महापुरुषों की विचारधारा को लेकर केवल समाजवादी पार्टी ही चल रही है इसलिए दलित समाज अपनी वोट की ताकत को पहचाने और एकजुट होकर 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को वोट करें। जिससे कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बने जिससे राम मनोहर लोहिया, डॉ. भीमराव अंबेडकर, कांशीराम ज्योतिबा फुले महापुरुषों की विचारधारा को आगे बढ़ाया जा सके। इस मौके पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट जितेंद्र बाबू सागर, नदीम अंसारी, टिंकू सागर, नरेश सागर, राजेश सागर, उमेश सागर, छोटेलाल सागर, दुर्गा प्रसाद, ओमप्रकाश, सोमपाल सागर, अजब सिंह सागर, राजेश सागर, राजू सागर, अजब सिंह सागर आदि मौजूद रहे।


विधानसभा बिलासपुर के गांव में ग्रामीणों से बातचीत करते सुरेंद्र सिंह सागर।

# मलेरिया कार्यालय में फील्ड वर्कर को दी भावभीनी विदाई

- कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने उपहार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सर्राफ बाजार स्थित जिला मलेरिया अधिकारी में तैनात फील्ड वर्कर आईएफडब्लू को स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने उपहार भी भेंट किए।

साथ ही वर्कर ने सभी का आभार जताया। सोमवार को जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आईएफडब्लू फील्ड वर्कर हरिओम रस्तोगी को फूल मालाओं और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद यहां पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें फील्ड वर्कर हरिओम रस्तोगी नौकरी में गुजारे 60 वर्षों के बारे में बताया। इसके बाद जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, फाइलेरिया निरीक्षक राहिना कौसर, बायोलॉजिस्ट देवेंद्र कुमार, मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा आदि मौजूद रहे।


जिला मलेरिया कार्यालय में शॉल देकर भावभीनी विदाई देते सहायक मलेरिया अधिकारी।

# सीसीटीवी कैमरों को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, महिलाओं समेत आठ घायल

- पुलिस ने सभी का मेडिकल परीक्षण कराकर शुरू की जांच

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खोदकला में सीसीटीवी कैमरों को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहा विवाद रविवार को हिंसक संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर से मारपीट, पथराव और धारदार हथियारों से हमला किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। घटना में महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पहले पक्ष के मोहम्मद अनस पुत्र मोहम्मद सईद का आरोप है कि पड़ोसी जाने आलम ने अपने मकान और ममटी पर ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे, जिनसे उनके परिवार की महिलाओं की निजता प्रभावित हो रही थी। इस संबंध में कई बार आपत्ति जताने के बावजूद कैमरे नहीं हटाए गए। इसके बाद यूपी-112 पर सूचना दी गई। अनस के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंची और कैमरों को हटवा दिया। आरोप है कि पुलिस के लौटने के करीब दो घंटे बाद कैमरे हटाए जाने से नाराज इस्लाम, जाने आलम, साहिब आलम, यूसुफ, अदनान और आरिफ ने उनके घर पर पथराव शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अनस पक्ष का आरोप है कि विपक्षियों ने धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें मोहम्मद अनस, शौकीन और 17 वर्षीय निशा घायल हो गए।

दूसरे पक्ष के जाने आलम ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कैमरों को लेकर उनका विवाद शुऐब, बिलाल और मोहम्मद आलिम पुत्रगण सज्जन से था। उनका आरोप है कि विवाद के दौरान अनस पक्ष के लोग भी शामिल हो गए और उनके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट की गई। इस पक्ष से साहिबे आलम, राबिया, शौकीन जहां, शहनाज और मोहम्मद आलम घायल हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी अनुपम शर्मा ने बताया कि खोदकला में दो पक्षों के बीच मारपीट और विवाद की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों का मेडिकल कराया गया है और जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर।** कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

सिविल लाइंस निवासी राधे किसी काम से बाइक से घर जा रहा था कि रास्ते में पीछे से आ रहे कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। उसके बाद घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा खौद चौराहे पर साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद लोग एकत्रित हो गए। उसके बाद पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# मिर्जापुर में पेड़ काटने के विवाद ने लिया हिंसक रूप, तहरीर पर भी दर्ज हुई एफआईआर

- थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में विद्युत लाइन के नीचे खड़े पेड़ों को काटने का मामला

जागरण मोर्चा, कार्याल

**स्वार।** थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में विद्युत लाइन के नीचे खड़े पेड़ों को काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे पहले दूसरे पक्ष के लोगों की ओर से भी प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। अब पुलिस दोनों मुकदमों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी तहरीर में ग्राम मिर्जापुर निवासी एवं अधिवक्ता इरफान अली ने बताया कि गांव निवासी रियाजुल नवी के खेत में खड़े पेड़ विद्युत लाइन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में बार-बार बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से कई बार पेड़ों को हटाने का अनुरोध किया गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद पैदा हो गया। इरफान अली के अनुसार 28 मई की शाम रियाजुल नवी तथा उसके पुत्र जुनैद, जुबैर और फैसल उनके घर पहुंचे और विवाद करने लगे। उस समय मामला किसी तरह शांत हो गया, लेकिन आरोपियों ने उन्हें परिणाम भुगतने की धमकी दी। तहरीर में कहा गया है कि 29 मई की रात करीब आठ से नौ बजे के बीच इरफान अली अपने भाई अधिवक्ता आसिफ अली के साथ स्वार जा रहे थे। जैसे ही वे गांव के कब्रिस्तान के पास पहुंचे, वहां पहले से मौजूद रियाजुल नवी, उसके पुत्र जुनैद, जुबैर और फैसल के अलावा आले हसन, अब्दुल रहमान, दानिश, अब्दुल कलाम, गुड्डू तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियारों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इरफान अली का आरोप है कि रियाजुल नवी ने तलवार से उनके सिर पर वार किया, जबकि जुनैद ने लोहे की रॉड से उनके हाथ पर प्रहार किया, जिससे हाथ में गंभीर चोट आई। वहीं आसिफ अली के कान पर भी रॉड से हमला किया गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उनके भाई इमरान अली को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना के दौरान ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में घायलों का उपचार कराया गया और पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि इसी घटना को लेकर पहले दूसरे पक्ष की ओर से भी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। अब दोनों पक्षों की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाह रे वन विभागः तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में बांधा कुत्ता, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में कुत्ते को बांधने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने पशु क्रूरता का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है।

मानपुर उत्तरी क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियों के चलते वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। आरोप है कि तेंदुए को पिंजरे तक आकर्षित करने के लिए उसके भीतर एक कुत्ते को बांध दिया गया। किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों और पशु प्रेमियों ने इस तरीके पर आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि किसी भी जीवित पशु को इस तरह खतरे में डालना उचित नहीं है। मामले में पूछे जाने पर प्रभागीय वनाधिकारी डीएफओ प्रणव जैन ने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में बकरी को चारे के रूप में बांधा जा सकता है। यदि कहीं कुत्ते को बांधे जाने की बात सही पाई जाती है तो मामले की जांच कर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की ओर से जांच के आश्वासन के बाद अब लोगों की नजर कार्रवाई पर टिकी हुई है। वहीं वीडियो की सत्यता और उससे जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।


मानपुर उत्तरी में लगा पिंजरा में बंधा कुत्ता।

कार्यक्रम | जातीय जनगणना में समाज के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले

# 'तुरैहा समाज 7 को छात्र-छात्राओं को करेगा सम्मानित'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर में सोमवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने 7 जून को होने वाले कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार की। दुर्गा माता मंदिर सिनेमा रोड पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने आने वाली जातीय जनगणना में समाज के कार्यकर्ताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आह्वान किया। उन्होंने सभी से कार्यक्रम में ज्यादा ज्यादा पहुंचने की अपील की।



बिलासपुर में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा। -जागरण मोर्चा

कहा कि पंचायत चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। समाज के लोग अपना वोट बनवाएं। जिससे समाज मजबूत होकर खड़ा हो सके।7 जून को समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में आयोजित होगा। जिसमें नेता भी आएगें। इस कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ता सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जातीय जनगणना में समाज के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।अपनी जाति जनगणना कर्मियों को जाति का उल्लेख करें। उन्होंने कहा कि अब तुरैहा मछुआ समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। और समाज के लोग मृत्यु भोज भी बंद करें। इस मौके पर पूर्व सभासद वर्तमान में समाज के महामंत्री गोविंद राम तुरैहा, ओम प्रकाश, सीताराम, मनोहरी लाल, रमेश चंद्र, हरिशंकर, रामकिशोर तुरैहा, अरविंद कुमार, नंदराम, अरविंद राज, राधेश्याम, अर्जुन कुमार, विनोद कुमार ,पप्पू भाई, रामशरण, दिनेश कुमार, संजय तुरैहा, आदि लोग मौजूद रहे सभा का संचालन बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष बाल किशोर तुरैहा ने किया किया।

# मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता संभव : राठौर

## रजा लाइब्रेरी से जुड़कर ज्ञान का विस्तार करें , प्रभारी मंत्री ने जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान धनराशि एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सहकारिता विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर एवं छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित मेधावी सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण देखा।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान धनराशि एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। हाईस्कूल वर्ग में कनिष्का गंगवार, समीक्षा कुमारी, दीक्षा,



छात्रा को चेक देकर सम्मानित करते प्रभारी मंत्री। -जागरण मोर्चा

प्रखर गौतम, अर्शी फातमा, नैना गंगवार, अंजनी मैथिल, अनिकेत प्रताप सिंह, अंकित, देवांश गंगवार, नव्या शर्मा एवं उवैस तथा इंटरमीडिएट वर्ग में सेजल आर्या, मनतशा, शहरीन, प्रियांशी, अंश कुमार, मेनका, स्वेता, कशिश, राधिका एवं सरिता को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। कहा कि शासन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को




डीसीबी शाखा के कायाकल्प भवन का लोकार्पण करते प्रभारी मंत्री। -जागरण मोर्चा

मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता पर सबसे अधिक गर्व उसके माता-पिता और गुरुजनों को होता है। विद्यार्थी यदि लगन और निष्ठा के साथ अध्ययन करें तो भविष्य में प्रशासनिक एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम करने वालों को सफलता अवश्य प्राप्त होती है।प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों को की समृद्ध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का आह्वान करते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी ज्ञान का अनमोल भंडार है, जहां संरक्षित दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों से विद्यार्थी अपने ज्ञान का विस्तार कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यार्थियों को ऐसे ज्ञान केंद्रों से जोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।साथ ही भारत की गौरवशाली शिक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए तक्षशिला एवं नालंदा विश्वविद्यालयों को देश की ऐतिहासिक धरोहर बताया।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों ने सम्मानित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, शिक्षक,अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डीसीबी ज्वालानगर शाखा के कायाकल्प भवन का लोकार्पण

रामपुर। राज्यमंत्री सहकारिता विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौरने डीसीबी शाखा ज्वालानगर के कायाकल्प भवन का लोकार्पण कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की उपस्थिति में किया तथा शाखा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शाखा परिसर में किए कायाकल्प कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक एवं सुव्यवस्थित बैंकिंग वातावरण से किसानों एवं सहकारी संस्थाओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। बी-पैक्स अजीतपुर द्वारा भवन का कायाकल्प कर उसे आदर्श शाखा के रूप में विकसित किया ।सहकारी समितियों को किसानों के लिए बहुउपयोगी सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिल सके ।इसके उन्होंने अजीतपुर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड ( बी-पैक्स) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यूरिया एवं डीएपी खाद की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक डॉ. गणेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागीय अधिकारी, बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिला सहकारी बैंक चेयरमेन मोहन लाल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित काफी अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर

#### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मिलक।** सोमवार को मिलक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को नगर के रौरा कला जीरो पॉइंट निकट यात्री शेड के पास से गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा, जिंदा कारतूस व कार बरामद हुई ।पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी इन्तजार निवासी शिवद्वारा थाना कोतवाली जनपद अमरोहा का रहने वाला है।



## गिरिराज पूजन व सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए भक्त

- दुर्गा देवी मंदिर में कथा के छठे दिन वृंदावन के आचार्य ने सुनाई मार्मिक कथा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** ग्राम पिपला शिवनगर स्थित दुर्गा देवी मंदिर में किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।

कथा व्यास आचार्य शास्त्री श्याम ब्रज बिहारी उर्फ अन्न त्यागी श्याम बाबा ने भगवान श्रीकृष्ण



मिलक में हो रही कथा में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

की गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने इंद्र के अहंकार का नाश कर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अहंकार का त्याग कर ईश्वर की शरण में रहना चाहिए। गोवर्धन पूजा का संदेश प्रकृति संरक्षण और लोक कल्याण से जुड़ा हुआ है ।उन्होंने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और विश्वास की प्रतीक है। भगवान अपने भक्तों के भाव के भूखे होते हैं और सच्चे मन से की गई भक्ति का प्रतिफल अवश्य देते हैं।

कथा के दौरान सुदामा प्रसंग सुनकर कई श्रद्धालु भावुक हो उठे ।कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। इस अवसर पर संजय तिवारी,मुनीश तिवारी,श्याम सुंदर पाठक, श्याम सिंह पासी,खेमकरण लाल गंगवार,अनुराग पाठक,ब्रह्मानंद मिश्रा,विपिन तिवारी,राम अवतार रसिक,चंद्रशेखर पाठक,महेंद्र पाल,माधुरी तिवारी,प्रशांत तिवारी,राजकुमार कोरी, तिलकराम पाल आदि उपस्थित रहे।

## योग शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

- आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा किला मैदान में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर आयोजित शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार प्रजापति ओर अर्चना गुप्ता द्वारा योगाभ्यास के दौरान वृक्षासन, त्रिकोणासन, कटि चक्रासन,भुजंगासन तथा



किला मैदान में योग अभ्यास कराते योग प्रशिक्षक। -जागरण मोर्चा

अन्य लाभकारी आसनों का अभ्यास कराया गया।

योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं जीवन ऊर्जावान बना रहता है। योग न केवल शारीरिक रोगों से बचाव करता है,बल्कि मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद को भी कम करने में सहायक है। प्रतिदिन 30 से 45 मिनट योग करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों से बचाव होता है।

## पसमांदा समाज में नई नियुक्तियां, संगठन मजबूत करने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** ऑल इंडिया पसमांदा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसके तहत मसवासी व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष कासिम अंसारी को पसमांदा समाज का स्वार टांडा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और समाज के लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी है।वहीं, शम्सुद्दीन को पसमांदा समाज का मसवासी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया।उन्हें भी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने की अपेक्षा के साथ यह जिम्मेदारी दी गई है।नई नियुक्तियों पर संगठन



कासिम अंसारी।



शम्सुद्दीन।

के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की है कि दोनों पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए लागू किया जाए कानूनः विनय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिवक्ताओं पर आए दिन हो रहे हमले एवं अत्याचार के खिलाफ अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना आवश्यक है ।जिससे अधिवक्ता समाज को सुरक्षा मिलनी तय है।

प्रदेश भर में ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों में भी समय-समय पर लगातार पिछले कई वर्षों से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अनेकों बार एसोसिएशन अपनी ओर से संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए मांग उठती रही है। जिस तरह से काफी बार देखने में आया है ।कई जगहों पर अधिवक्ताओं को कहीं कचहरी से घर जाते समय तो कहीं मॉर्निंग वॉक पर टहलते हुए एवं अन्य जगहों पर अधिवक्ताओं पर हमले कर दिए जाते हैं जिसमें



सिर्फ अधिवक्ता चोटिल ही नहीं बल्कि अधिवक्ता को अपनी जान तक गंवानी पड़ गई है। जिसके लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना बहुत जरूरी हो गया है । एडवोकेट काउंसिल ऑफ़ इंडिया के बोर्ड प्रेसिडेंट विनय शर्मा ने बताया कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने से संपूर्ण अधिवक्ता समाज को सुरक्षा मिली तय है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर ,तीन युवक गंभीर घायल

**मिलक।** मिलक-बिलासपुर रोड पर गंगापुर जदीद गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सीएचसी मिलक ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की




पहचान अभिषेक पुत्र राजेंद्र,अभिषेक पुत्र भगवासरन, और शनि पुत्र अनोखेलाल के रूप में हुई है। तीनों युवक मिलक से अपनी बाइक द्वारा गांव धर्मपुर रहसेना, तहसील मिलक जा रहे थे। गंगापुर जदीद गांव के निकट मिलक-बिलासपुर रोड पर सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक लाया गया ।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एसीएमओ का हाथरस ट्रांसफर, हड्डी रोग विशेषज्ञ आए जिला अस्पताल

- 31 मई को स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव के निर्देश हुए कई के तबादले

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव के निर्देश पर कई चिकित्सा अधिकारियों के तबादले हुए हैं। जिसमें सीएमओ ऑफिस के एसीएमओ समेत कर्मचारी शामिल है। जिला अस्पताल हड्डी रोग विशेषज्ञ की मुरादाबाद से रामपुर के लिए वापसी हुई हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सत्यमूर्ति तोमर को हाथरस, डॉ.शशांक झा फारेंसिक एक्सपर्ट को लखनऊ, मेडिकल बिल के पटल देख रहे उदित तवर को हापुड़ और कार्यालय में तैनात वाहनों की मेंटीनेंस का कार्य देखने वाले कुशवाहा बाबू समेत एक अन्य तबादला




हुआ है ।पिछले कई दिनों से स्थानांतरण की प्रक्रिया शासन स्तर से चल रही है। 31 मई को हुए तबादलों की सूची में प्रदेश के सभी जनपद शामिल है। इसमें रामपुर भी है।

जिला अस्पताल में मुरादाबाद में तैनात वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.एचके मित्रा को जिला अस्पताल, महिला चिकित्सालय में बाबू का पटल देख रही दिव्या शुक्ला का तबादला बरेली हो गया हैं ।हालांकि अभी तक किसी ने चार्ज छोड़ा नहीं है। तबादला होने पर कर्मचारियों ने बोरी समेटना शुरू कर दिया है।

## अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम मिलक खानम में मिट्टी के अवैध खनन के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी स्वार को आवश्यक एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी स्वार द्वारा बिना देर किए संबंधित राजस्व एवं प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण एवं जांच की ।जांच के दौरान मौके पर मिट्टी का अवैध खनन कार्य संचालित होता पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध खनन कार्य में



राजस्व विभाग द्वारा जब्त की गई जेसीबी।

प्रयुक्त जेसीबी मशीन को मौके से जब्त कर लिया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक एवं कठोर कार्यवाही प्रारम्भ की गई ।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों, मशीन संचालकों एवं संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध खनन की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच एवं प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### मिशन शक्ति फेस पांच के तहत पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोमवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारे में बताया। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।

भक्ति भाव | नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में पहुंचने का किया आग्रह

## कथा महोत्सव का निमंत्रण घर-घर पहुंचाया जा रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर आगामी 18 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव के निमंत्रण के लिए निकाली जा रही प्रभात फेरी इन दिनों नगर वासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रभात फेरी के माध्यम से कथा महोत्सव का निमंत्रण घर-घर पहुंचाया जा रहा है। श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन, भजन और जयकारों के साथ लोगों के द्वार पर पहुंचकर उन्हें कथा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं।

सोमवार को प्रातः आयोजित प्रभात फेरी रिलायंस ज्वेलर्स, शिव रोड से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों एवं गलियों से गुजरते हुए पुनः अपने विश्राम स्थल पर पहुंची ।प्रभात फेरी



प्रभात फेरी में शामिल भक्त। -जागरण मोर्चा

में शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्रीनाथ जी और हरिनाम संकीर्तन के जयघोष से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। घरों के बाहर खड़े होकर लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। कथा महोत्सव में सहभागी बनने का संकल्प लिया ।आयोजकों ने बताया कि प्रभात फेरी केवल निमंत्रण देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को धर्म,संस्कृति और भक्ति से जोड़ने का एक प्रभावी प्रयास भी है ।हरिनाम संकीर्तन के साथ निकाली जा रही यह यात्रा लोगों के मन में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रही है। उन्हें श्रीनाथ की भक्ति से जोड़ रही है। प्रभात फेरी में आदित्य वर्मा, सोहम, रविंद्र गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, सचिन अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीनाथ रस कथा महोत्सव में पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लेने का आग्रह किया।

# 671.84 लाख से बने ततारपुर विद्युत उपकेंद्र का प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** जनपद सम्भल को विद्युत व्यवस्था के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 671.84 लाख की लागत से निर्मित 33/11 केवी 2×5 एमवीए विद्युत उपकेंद्र ततारपुर (विकासखंड सम्भल) का लोकार्पण प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर एवं बटन दबाकर किया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्प एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार थैले भी अतिथियों को भेंट किए गए। अधीक्षण अभियंता हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि नए विद्युत उपकेंद्र से लगभग 10 गांव जुड़ेंगे तथा करीब 1800 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

उपकेंद्र में 5-5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, जिससे विद्युत ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से विद्युत उपकेंद्र को अपनी संपत्ति मानकर उसकी सुरक्षा और देखभाल करने की अपील की। मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि योगी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और


विद्युत उपकेंद्र का प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति उद्घाटन करते। -जागरण मोर्चा

- 10 गांवों के करीब 1800 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ, ओवरलोडिंग से राहत के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी सुनिश्चित

पानी के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और सरकार हर घर एवं हर परिवार को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों और श्रमिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना की लाभार्थी संतोष देवी एवं ममता देवी को आवास की चाबी सौंपी गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मिनी बीज किट वितरित की गई तथा स्वयं सहायता समूह की विद्युत सखियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आईसीडीएस विभाग की ओर से गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।इस दौरान जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विद्युत रघुनाथ तित्तल, खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह, एसडीओ चन्द्र भूषण सहित भाजपा पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### 12 बजे होगी यूके लिप्टिस के पेड़ों की नीलामी

**चंदौसी।** रोडवेज बस स्टैंड परिसर लगे तो यूके लिप्टिस के पेड़ धराशाई होकर गिर गए। रोडवेज बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव ने बताया कि 3 जून की दोपहर 12 बजे रोडवेज परिसर में उक्त पेड़ों की नीलामी प्रक्रिया की जाएगी।

### गौ सेवा कर कार्यकर्ताओं ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का मनाया जन्मदिन


राज्यमंत्री गुलाब देवी के जन्मदिन पर गो सेवा करते भाजपा कार्यकर्ता।

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के जन्मदिवस के अवसर पर बहेड़ी वाले ताल स्थित गौशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गौशाला में संरक्षित गौवंश को हरा चारा, गुड़ एवं अन्य पौष्टिक आहार खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं संरक्षण की कामना की गई।कार्यक्रम में सभी लोगों के साथ कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री के दीर्घायु, स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त की।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के नेतृत्व में शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उनके जन्मदिवस को सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मनाना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

इस दौरान सभासद शिव कुमार सैनी,अंकुर अग्रवाल, चंद्रसेन दिवाकर, मनोज कठेरिया, तरुण कुमार नीरज, रोहित दिवाकर, देवेन्द्र गुप्ता, शुभम अग्रवाल, आलोक शाक्य, सावन शर्मा, उमेश सैनी, संजय बंसल, चिंटू शर्मा, कृष्णा शर्मा, अजय सैनी, सनी गोस्वामी, बाबू सैनी आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट खेलते हुए युवक को सांप ने डंसा


सीएचसी मे सांप के काटने से घायल हुए युवक का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल निवासी आकाश कोरी पुत्र पिंटी सोमवार की सुबह अपने दोस्तों के साथ नगर के कैथल गेट स्थित अक्रूरजी पुरम कालोनी स्थित मैदान में दोस्तों के साथ क्रिकेट मैच खेलने के लिए गया हुआ था। खेल के दौरान जब वह गेंद को उठाने के लिए मैदान के किनारे गया, तभी गेंद उठाते हुए अचानक झाड़ी से एक सांप ने उसके सीधे हाथ की उंगली में डंस लिया। सांप को देखकर युवक की चीखते हुए भागकर साथियों के साथ पहुंचा और घटना की जानकारी दी। वहीं जानकारी के बाद मौके पर परिवार के लोग भी पहुंच गए और आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर युवक का उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि युवक की हालत में सुधार है।

# पत्नी की दूसरी शादी के सदमे में युवक ने की खुदकुशी

## गुमथल रोड स्थित एक कालोनी का मामला, व्हाट्सएप पर फोटो देखकर दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक उपेंद्र शर्मा।

**चन्दौसी।** वैवाहिक जीवन में मिले धोखे और मानसिक आघात के कारण कोतवाली क्षेत्र के गुमथल रोड स्थित एक कालोनी में रविवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि युवक की पत्नी ने उसे बिना बताए हरियाणा के गुड़गांव में किसी दूसरे शख्स से शादी कर ली थी और विवाह की तस्वीरें उसके व्हाट्सएप पर भेज दी थीं। जीवनसंगिनी के इस कदम से आहत होकर युवक ने मौत का रास्ता चुन लिया। सोमवार सुबह युवक का शव कमरे में लटके मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


युवक की मौत के बाद विलाप करते परिजन। -जागरण मोर्चा

कोतवाली क्षेत्र के गुमथल रोड आनंद विहार कालोनी निवासी पुजारी हरिशंकर शर्मा का 35 वर्षीय पुत्र उपेंद्र शर्मा पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से गुजर रहा था। मृतक की मां ओमवती ने बताया कि बहू ममता कुछ समय पहले गुड़गांव काम करने गई थी। बीते 25 मई को उसने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या जानकारी के वहां एक युवक से दूसरी शादी रचा ली। हद तो तब हो गई जब ममता ने शादी की तस्वीरें उपेंद्र के व्हाट्सएप पर डाल दीं। इन तस्वीरों को देखने के बाद से ही उपेंद्र पूरी तरह टूट चुका था और गुमसुम रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक रविवार रात करीब 8 बजे उपेंद्र ने अपने बेटे प्रियांशु के साथ खाना खाया। इसके बाद वह दूसरे मकान में सोने चला गया, लेकिन कुछ ही देर में उसने बेटे प्रियांशु को वापस दादा-दादी के पास भेज दिया और खुद को कमरे में बंद कर लिया। सोमवार सुबह करीब 7 बजे जब मां ओमवती उसे जगाने पहुंचीं, तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने पर भी जब गेट नहीं खुला, तो पड़ोस की छत के रास्ते बेटे को अंदर भेजा गया। अंदर का खौफनाक मंजर देखकर मासूम की चीख निकल गई; उपेंद्र का शव छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटक रहा था।बताया जा रहा है कि उपेंद्र पहले अपनी पत्नी के साथ गुड़गांव में ही रहता था, लेकिन मार्च के महीने में तबीयत खराब होने के कारण वह घर वापस आ गया था। यहां वह एक प्लाईवुड की दुकान पर मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा था, जबकि पत्नी वापस गुड़गांव काम पर लौट गई थी। उपेंद्र के दो बच्चे प्रियांशु और बेटी तमन्ना दादा-दादी के पास रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद और मानसिक प्रताड़ना के बाद आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


मादक पदार्थों को नष्ट कराने के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी व अन्य।

# आपरेशन दहन के तहत 10 लाख से अधिक नशीले पदार्थ किए गए नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद में नशा मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे अभियान आपरेशन दहन के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में जब्त किए गए भारी मात्रा में मादक पदार्थों का विधिवत विनिष्टीकरण किया।

जानकारी के अनुसार जनपद के थाना बहजोई, चन्दौसी, ऐंचौडा कम्बोह तथा जीआरपी चन्दौसी में दर्ज कुल 11 अभियोगों में जब्त किए गए मादक पदार्थों को न्यायालय के आदेश के बाद नष्ट किया गया। इनमें डोडा, स्मैक और चरस सहित कुल 1015.35 किलोग्राम नशीले पदार्थ शामिल थे, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 2.08 करोड़ रुपये बताई गई है। यह विनिष्टीकरण प्रक्रिया बबराला स्थित पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड में निर्धारित मानकों के अनुसार संपन्न की गई। उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से सभी नशीले पदार्थों को पूरी तरह नष्ट किया गया। पूरी कार्रवाई की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत तथा क्षेत्राधिकारी लाइन/संभल कुलदीप सिंह की उपस्थिति में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने कहा कि आपरेशन दहन के तहत नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को किसी भी सूरत में बढ़ने नहीं दिया जाएगा।

# 48 वर्ष बाद दंगा पीड़ित परिवार को मिला पुनर्वास का अधिकार

## डीएम आज सौंपेंगे आवासीय पट्टे का प्रमाण पत्र, भूमि पर रखी जाएगी पहली ईंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहजोई / सम्भल।** सन् 1978 में संभल में हुए हिंदू-मुस्लिम दंगों में मारे गए रामशरण दास रस्तोगी के परिवार को अब शासन की ओर से पुनर्वास की सौगात मिलने जा रही है। दंगों में रामशरण दास रस्तोगी की हत्या कर शव को क्षत-विक्षत कर कुएं में फेंक दिया गया था। इस संबंध में उनके पुत्र स्वर्गीय सुभाष चंद्र रस्तोगी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

पिछले वर्ष मृतक के पौत्र कपिल रस्तोगी अपनी वृद्ध माता रुक्मण रस्तोगी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे। मुख्यमंत्री ने परिवार के पुनर्वास के लिए भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री अपने मथुरा प्रवास के दौरान सार्वजनिक मंच से इस परिवार का उल्लेख भी कर चुके हैं। इससे पहले भी वे कई बार इस घटना का जिक्र कर चुके हैं।


भूमि की सफाई कराता बुलडोजर।

तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर मृतक की पुत्रवधू रुक्मण रस्तोगी पत्नी स्व. सुभाष चंद्र रस्तोगी को ग्राम शेरखां सराय, बाहर चुंगी क्षेत्र में 100 वर्गमीटर आवासीय भूमि आवंटित की गई है। इसी क्रम में आज मंगलवार 2 जून 2026 को छोटा हसनपुर रोड स्थित महाराणा प्रताप चौक के पास आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह द्वारा रुक्मण रस्तोगी को आवासीय पट्टे का प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भूमि पर कब्जा हस्तांतरित करने के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा भवन निर्माण के लिए नींव की प्रथम ईंट भी रखी जाएगी।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, आचार्य प्रमोद कृष्णम सहित प्रशासनिक एवं राजनीतिक व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। मौके पर हवन एवं पूजन का आयोजन भी किया जाएगा। सोमवार को तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह एवं नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर भूमि की साफ-सफाई कराई तथा जेसीबी मशीन से समतलीकरण का कार्य भी कराया।

# डा. ईश्वर मिश्र ने एआईआईएमएस डीएम कार्डियोलाजी में हासिल की आल इंडिया 12वीं रैंक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** शहर के लिए गर्व का क्षण है, जहां लाइंस कालोनी, मुंसिफ रोड निवासी डा. ईश्वर मिश्र ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) की डीएम कार्डियोलॉजी प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया 12वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। डा. ईश्वर मिश्र, स्वर्गीय पुष्पेश मिश्र के पुत्र हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्डियोलॉजी की केवल 30 सीटें उपलब्ध थीं, जिनमें चयन बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा।अपनी सफलता पर डा. ईश्वर ने इसे अपनी मेहनत के साथ-साथ परिवार के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने विशेष रूप से अपनी मां नीरू शर्मा, मौसी उषा शर्मा तथा अपनी पत्नी डा. कशिश का आभार व्यक्त किया। उनकी पत्नी दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने दादा-दादी तथा पूरे परिवार के आशीर्वाद को भी अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के चिकित्सकों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। यह सफलता न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे नगर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय


डा. ईश्वर मिश्र।

# दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने सड़क के गड्ढे को पत्थर व मिट्टी डालकर भरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में एवं प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा एक अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत सोमवार को नगर के बदायूं चुंगी पर सड़क पर हो रहे गड्ढे को ठीक किया गया।

यहां बता दे कि बदायूं चुंगी पर ट्रैफिक बूथ के सामने सड़क पर काफी गहरे गड्ढे हो गए थे। जिसमें आम नागरिकों और वाहनों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी और कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी थी। इसके साथ वाहनों का पलटने का अंदेशा बना रहता था। इसी को देखते हुए यातायात प्रभारी जग रोशन सिंह एवं उनकी टीम सचिन कुमार, सनी तोमर, विकास कुमार, सोनू ने ट्रैक्टर ट्राली में पत्थर और मिट्टी का मिक्सर मंगा कर सड़क के गड्ढे को स्वयं भरा गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि इस गड्ढे को भरने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इसके साथ रेलवे फाटक 35 बी पर ट्रेनों के ज्यादा आवागमन होने से रेलवे फाटक बार-बार बंद होने की वजह से काफी जाम लगने पर आम नागरिक एवं वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हो रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करते यातायात प्रभारी ने टीम के साथ द्वारा तेज धूप में कर्मठता दिखाते हुए तुरंत जाम को खुलवाया गया और प्रभारी यातायात द्वारा बुलेट मोटर साईकिल में मोडिफाइड साइलेंसर ना लगाने के लिए ओर दो पहिया वाहन पर हेलमेट पहने और तीन सवारी न बैठाने, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। आरक्षी सचिन कुमार द्वारा सड़क पर चलने वाले राहगीरों ओर वाहन स्वामी को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात ने बताया कि ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।


बदायूं चुंगी पर गड्ढे को भरते यातायात पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

# भागवत कथा धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम


श्रीमद्भागवत कथा सुनतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री सत्यनारायण मंदिर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास रमेश अधीर ने कथा व्यास ने अपने प्रवचनों में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मानवता को धर्म, सत्य और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। कथा में श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और सदाचार का महत्व भी बताया गया। उन्होंने आगे बताया कि वह कुंड के दर्शन करते हैं, ग्वाल वालों को म्हारा लीला उधम गोपी संवाद अकुल कृष्ण बलराम को लेने गए हैं। भगवान ने धोबी व माली का कल्याण किया है। भगवान कृष्ण कंस का वध करते हैं उसके बाद भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह होता है। इस बीच सुनील सक्सेना ने सुंदर सुंदर भजन सुनाकर भक्तों का मन मोह लिया। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुकेश वार्ष्णेय, शकुंतला शर्मा, साधना अग्रवाल, सीमा, मिनी, मनोरमा, डाली, श्वेता, पूजा, पीयूष शर्मा, बीपी शर्मा, एसएस वार्ष्णेय, मुकेश गुप्ता, महेंद्र पाल, योगेश आदि मौजूद रहे।

# कथा श्रवण से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है : जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य महाराज ने भक्तों को कथा श्रवण का महत्व समझाया। महाराज ने आगे कहा कि कथा श्रवण करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों फलों की प्राप्ति होती है। मनुष्य धन के चक्कर में सदा पड़ा रहता है, जबकि सत्य यह है कि साथ में केवल पुण्य और धर्म ही जाते हैं। न धन साथ जाता है, न पुत्र, न पत्नी, न परिवार। केवल धर्म ही जीव के साथ जाता है, इसलिए मनुष्य को सदा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। जो धर्म के साथ खड़ा है, भगवान सदैव उसके साथ खड़े रहते हैं। द्रौपदी प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि जब भरी सभा में द्रौपदी की कोई नहीं सुन रहा था, तब उसने संसार का मोह छोड़कर कन्हैया की शरण ग्रहण की। परिणाम यह हुआ कि दस हजार हाथियों के बल वाला दुःशासन साड़ी खींचते-खींचते थककर गिर गया। भगवान श्रीकृष्ण ने चीर के बहाने द्रौपदी की रक्षा की। महाराज श्री ने आगे कहा कि संसार की शरण में जाने से कोई लाभ नहीं है। यदि जाना ही है तो भगवान की शरण में जाना चाहिए। इस शरीर का सार्थक बनना तभी है जब जीव भगवान श्रीकृष्ण की शरण में चला जाए। वही धन्य है और वही स्मरणीय है। इस दौरान प्रदीप कुमार कसेरख् जिवेन्द्र कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप अग्रवाल,सुभाष अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार सराफ, डा. हरिप्रकाश अग्रवाल,राकेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, विनय अग्रवाल सहित आदि मौजूद रहे।


श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य। -जागरण मोर्चा

## तेजाब हमले में महिला को आजीवन कारावास की सजा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** जनपद संभल में त्वरित न्याय और प्रभावी अभियोजन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण सामने आया है। अपर जनपद न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) संभल गोपाल (एचजेएस) ने तेजाब हमले के एक चर्चित मामले में आरोपी महिला को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार बिजनौर जनपद के नगीना क्षेत्र निवासी कहकंशा ने अपने पति मुजफ्फर के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया था। इस हमले में पीड़ित का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया था और उसकी दोनों आंखों की रोशनी पूरी तरह चली गई थी। सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार यादव ने मामले की प्रभावी पैरवी की। न्यायालय ने मात्र 10 तारीखों में साक्ष्य एवं बहस की प्रक्रिया संपन्न कर आरोपी महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनाने निर्णय पारित कर दिया।

# कार्य के दौरान मृत कर्मचारियों को दी श्रद्धांजलि, सुरक्षित कार्य करने का लिया संकल्प


जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश में विद्युत कार्य के दौरान दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले कर्मचारियों की स्मृति में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र मुरादाबाद रोड पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में विद्युत कार्य करते समय मृत हुए कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संभल जनपद में मई माह के दौरान विद्युत कार्य करते समय मृत हुए कर्मचारियों, ओमकार एवं हाजी मिंजार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि विद्युत कार्य अत्यंत जोखिमपूर्ण होता है, इसलिए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करना चाहिए। कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा पूरी सावधानी के साथ कार्य करने की सलाह दी गई। इस दौरान अमित, अजय, चरण सिंह, प्रमोद जुनैद अभिषेक सत्यवीर, पिंटू, अनेकपाल, अनिल, शिवकुमार, पुष्पेंद्र, हाशम, रवि, विवेक, रवींद्र, दिवाकर मिश्रा, प्रशांत शिवम, संजीव, धनवीर, गांवेंद्र आदि कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।


बिजली कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देते विद्युत विभाग के लोग। -जागरण मोर्चा

# रामायण शिक्षा का जीवंत स्त्रोत: प्रो. मदन मोहन झा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- टीएमयू के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र- आईकेएस के तत्वावधान में सत्ययुग में शिक्षा: सत्य-आधारित शिक्षण का उदय पर 13वां राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव

**मुरादाबाद।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत यूनिवर्सिटी, जयपुर के कुलपति प्रो. मदन मोहन झा ने भारतीय ज्ञान परंपरा और सत्ययुगीन शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आयामों पर बोलते हुए कहा, संपूर्ण रामायण शिक्षा का जीवंत स्त्रोत है, जो मनुष्य को सत्य, मर्यादा, करुणा और लोककल्याण का मार्ग दिखाती है। उन्होंने छांदोग्य उपनिषद में वर्णित सत्यकाम जाबाल के प्रसंग का उल्लेख करते हुए सत्यनिष्ठा को भारतीय शिक्षा की आधारशिला बताया। प्रो. झा ने कहा, भारतीय शिक्षा परंपरा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि आत्मोन्नति, चरित्र निर्माण और पुरुषार्थ चतुष्टय- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति है। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा, गुरुकुल शिक्षा, योग, वेद, दर्शन तथा पुराणों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समाजोपयोगी और आदर्श नागरिक का निर्माण है।

प्रो. झा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र- आईकेएस के तत्वावधान में सत्ययुग में शिक्षा: सत्य-आधारित शिक्षण का उदय पर 13वें राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समापन राष्ट्रगान के संग हुआ। आईसीसीआर चेयर फॉर संस्कृत एंड इंडियन फिलॉसफी, एमजीआई, मॉरीशस के प्रो. सत्यपाल सिंह ने भारतीय दर्शन एवम् शिक्षा के दार्शनिक आयामों पर बोलते हुए कहा, किसी भी प्रभावी शिक्षा व्यवस्था के लिए सामाजिक विज्ञानों और शारीरिक श्रम का समन्वय आवश्यक है।

प्रो. सत्यपाल सिंह ने षड्दर्शन- न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा, वेदान्त और चार्वाक, जैन और बौद्ध दर्शन की चर्चा करते हुए भारतीय चिंतन की बौद्धिक विविधता और उदारता को रेखांकित किया। प्रो. सिंह ने जैन दर्शन के सप्तभंगी सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा, सत्य को अनेक दृष्टिकोणों से समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा आचार्य केवल शिक्षक नहीं, बल्कि चरित्र और जीवन-दृष्टि के निर्माता होते हैं। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने संत कबीर के दोहे गुरु गोविन्द दोऊ खड़े...का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, रामायण, रामचरितमानस एवं श्रीमद्भगवद्गीता में शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मानुशासन और कर्तव्यबोध का साधन माना गया है। प्रो. जैन ने जैन दर्शन में वर्णित कालचक्र की अवधारणा का उल्लेख करते हुए सुखमा-सुखमा और सुखमा-दुखमा कालों की चर्चा की। प्रो. जैन ने अनुभव-आधारित, परियोजना-आधारित, प्रशिक्षण-आधारित और इंटर्नशिप-आधारित शिक्षण पद्धतियों की उपयोगिता पर बल दिया। टीएमयू आईकेएस सेंटर की कोर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने भारतीय ज्ञान परंपरा में सत्य, नैतिकता और मूल्यपरक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को केवल सूचना और कौशल तक सीमित न रखकर व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का माध्यम बनाया जाना चाहिए। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# सब्जी एवं फल व्यापारियों ने मंडी कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए दी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



सब्जी एवं फल व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर स्थित मंडी समिति के प्रांगण में सब्जी एवं फल व्यापारियों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सभी व्यापारियों द्वारा मंडी स्थित एक कर्मचारी पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और सचिव से वार्ता कर समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की इसी के साथ व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि तीन दिन के अंदर मंडी समिति में हो रहे भ्रष्टाचार को बंद नहीं किया गया तो व्यापारी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। सोमवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में सब्जी एवं फल व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता सम्मिलित हुए बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश गुप्ता द्वारा कहा गया कि मंडी समिति में फल एवं सब्जी व्यापारियों का मंडी कर्मचारी के द्वारा शोषण किया जा रहा है और मंडी में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, उन्होंने कहा कि व्यापारियों का शोषण और भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके बाद सभी व्यापारी एकत्र होकर मंडी सचिव के कार्यालय में पहुंचे जहां सचिव यश सिंघल से बात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई, व्यापारी संजय सहदेव ने बताया कि एक मंडी कर्मचारी जो अन्य मंडी में तैनात है वह यहां पर जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। मंडी सचिव यश सिंघल ने बताया कि सब्जी एवं फल व्यापारी उनके पास आए थे और उन्होंने अपनी समस्याएं उन्हें बताई उन समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा और जो भी कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त होगा उसके खिलाफजांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुकेश गुप्ता,सचिन गुप्ता,संजय सहदेव,राकेश सैनी, संजीव सैनी,उस्मान गौहर, ओमप्रकाश,जयसिंह,शाहनवाज चौधरी,बाबू सैनी,सोमनाथ शर्मा, राजकुमार सैनी,रविंद्र,महेश,मुंशी राम,पप्पू,सुखबीर,प्रेम,रामधन सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# नो व्हीकल डे पर जिलाधिकारी पैदल पहुंचे अपने कार्यालय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में शनिवार एवं सोमवार को नो व्हीकल डे के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह आज अपने आवास से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों, कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सप्ताह में कम से कम दो दिन निजी अथवा सरकारी वाहनों का कम उपयोग करें तो इससे प्रदूषण में कमी आने के साथ ईंधन की भी बचत होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे देशहित के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा सोमवार एवं शनिवार को वाहन मुक्त दिवस के रूप में मनाते हुए सार्वजनिक परिवहन अथवा पैदल चलने को प्राथमिकता दें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों की फिटनेस भी बेहतर होगी और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायता मिलेगी।



पैदल अपने कार्यालय जाते जिला अधिकारी अविनाश सिंह। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### पीड़िता द्वारा प्रार्थना पत्र देकर दबंगों पर मारपीट एवं छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली पहुंचकर गांव के दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट एवं छेड़खानी करने का आरोप लगाया और पुलिस से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव दियावली खालसा निवासी मालवती पत्नी चंद्र सेन के द्वारा सोमवार को कोतवाली पहुंचकर गांव के कुछ दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वह गांव में दुकान कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है, प्रार्थना पत्र के माध्यम से पीड़िता ने बताया कि वह 31 मई की दोपहर 2 बजे अपनी दुकान पर थी। तभी गांव के कुछ दबंग लोग उसकी दुकान पर आए और अभ्रद व्यवहार करने लगे, पीड़िता द्वारा आरोप लगाया गया की दबंगों ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी जिसका विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया तथा दुकान के में रखें दस हजार रुपए भी लूट कर ले गए और दुकान में रखा मोबाइल तोड़ दिया। पीड़िता द्वारा पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### ई-रिक्शा की चपेट में आकर मासूम की मौत



**गजरौला।** ई–रिक्शा बैक करते समय पडोसी की 03 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गयी। वह गली में खेल रही थी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गयी। बाद में दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया और पुलिस को सूचना नहीं दी गई। नगर के मौहल्ला मायापुरी में चमन की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी गली के बाहर खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस का रहने वाला व्यक्ति ई–रिक्शा बैक करने लगा और पीछे खेल रही मासूम उसकी चपेट में आ गयी। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गयी और मौहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए। चूंकि ई–रिक्शा चालक भी मौहल्ले का ही था इसलिए दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया। इसलिए पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

### बोर्ड की बैठक में विकास हेतु प्रस्ताव पारित, नगर पालिका की बैठक आयोजित



**गजरौला :** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में नगर के विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित हुए। इस दौरान सभासदों ने राशन कार्ड कटने की बात भी रखी। चेयरपर्सन ने कहा कि वे नगर के चंहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित बैठक में ईओ ललित कुमार आर्य ने गत बैठक की पुष्टि की। इसके बाद निकाय में पेयजल आपूर्ति हेतु एचडीपीई पाईप लाइन के विस्तारीकरण, वैश्विक नगरोदय योजना, वन्दन योजना, हैण्डपम्प रिबोर, पीसीसी पोल एवं एबीसी केबल आदि समेत अनेकों प्रस्ताव पारित हुए। कई सभासदों ने राशन कार्डों के कटने पर रोष जताया। आरोप लगाया कि जिन पात्रों के कार्ड कट गए हैं,उन्हें तत्काल जुड़वाया जाये। इस मौके पर अवर अभियंता तेजपाल सिंह, लेखाकार आदेश अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र पाल आदि सहित सभासद विनीता अग्रवाल, विजेन्द्र पाल, नफीस अहमद, पुष्पा चौधरी, मनु शर्मा, अंशु, सौरभ वर्मा, सरताज अहमद, योगेश आदि मौजूद रहे।

# हसनपुर मंडी में आम के दाम धड़ाम, किसान और व्यापारी बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



मंडी में बिक्री के लिए आया कच्चा आम। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** रविवार दोपहर क्षेत्र में आए कुदरत के कहर ने किसानों और व्यापारियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और भारी ओलावृष्टि ने नगर की नवीन मंडी समिति में सोमवार को तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। इस समय मंडी में करीब 15 हजार क्विंटल आम की बंपर आवक हो चुकी है, लेकिन मौसम के बदले मिजाज ने रौनक को मायूसी में बदल दिया।व्यापारी तालिब आढ़ती ने बताया कि मंडी में लगभग 5 हजार कट्टे आम आ चुका है, जिसमें प्रति कट्टा 30 किलो वजन होता है। यह आम नगर से राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली की प्रसिद्ध आजादपुर मंडी तक भेजा जाता है, लेकिन इस बार बेमौसम मार ने रास्ते रोक दिए हैं। व्यापारी नईम मंसूरी ने कहा कि बाजार में वैसे ही उठाव नहीं था, ऊपर से इस आपदा ने रही-सही कसर पूरी कर दी। दो दिन पहले जो आम 8 रूपया प्रति किलो बिक रहा था, आज उसकी कीमत कौड़ियों के भाव यानी 4 से 5 रूपये प्रति किलो रह गई है।व्यापारी बबलू सैनी ने इसे आम की फसल के लिए अब तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया है। वहीं गौरव सागर ने कहा कि इस ओलावृष्टि और आंधी से न सिर्फ आम के बाग उजड़े हैं, बल्कि मक्का व अन्य तैयार फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे अन्नदाता पूरी तरह बेहाल है।

# नगर पालिका के सामने छात्रों के दो गुटों में मारपीट, मची अफरा-तफरी



छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सोमवार शाम नगर पालिका परिषद गेट के सामने उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मामूली बात को लेकर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चलने लगे। हैरानी की बात यह रही कि घटनास्थल कोतवाली से महज चंद कदमों की दूरी पर है, लेकिन युवकों में कानून का कोई खौफ नजर नहीं आया। सड़क पर सरेआम हो रही मारपीट का वीडियो किसी व्यक्ति के द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी छात्र वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसानों से सौतेला व्यवहार कर रही सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जनपद स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी प्रदेशाध्यक्ष चौ-उपेन्द्र सिंह ने कहा कि, सरकार गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए किसानों की जमीन तो लेना चाहती है परन्तु उनकी जमीन का उचित मूल्य नहीं देना चाहती, सरकार ने कई वर्षो से जनपद की जमीनों का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया।

सोमवार को खादगूजर गांव में स्थित एमडी फार्म हाऊस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन में उपेंद्र सिंह ने कहा कि , किसानों की जमीन मूल्य सर्किल रेट का चार गुना होने के बाद भी बाजार दर से बहुत कम है। गन्ना सर्वे के नाम पर चीनी मिलें मनमानी कर रही हैं। जब किसानों ने चीनी मिलों से अगेती प्रजाति का बीज उपलब्ध कराने को कहा तो चीनी मिलें किसानों को बीज उपलब्ध नहीं करा पायी,तब किसानो ने जैसे-तैसे बीज की व्यवस्था करके अपने खेतों में गन्ना बोया तो मिलों के अधिकारी उन बीजों को अनुपयुक्त ब सामान्य प्रजाति का गन्ना बता रहे हैं। कहा जनपद में भू-जल स्तर निरन्तर नीचे जा रहा है, जबकि मध्य गंगा नहर में प्रशासन द्वारा पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होने मांग की मध्य गंगा नहर में पानी चालू करके नहर से सिंचाई की व्यवस्था चालू कराई जाये। मण्डल प्रभारी राजवीर सिंह ने कहा फार्मर रजिस्ट्री के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है, जिससे किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। बैठक में पश्चिम प्रदेश प्रवक्ता जगजीत सिंह, वीरपाल सिंह, लक्की गौसल, अंकित चौधरी, जोगेन्द्र आर्य, आशीष चौधरी, सचिन कुमार, चमन सिंह, नरपत सिंह, नरेश यादव, नरेन्द्र सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान में युवा जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी ने कौशल कुमार को युवा तहसील अध्यक्ष धनौरा, जसप्रीत सिंह को युवा जिला उपाध्यक्ष और सदन सिंह को युवा जिला सचिव मनोनीत किया।

**आक्रोश** 35 बी रेलवे फाटक पर खड़ी पिकअप गाड़ी में प्रतिबंधित पशुओं को बंधा देखकर भड़के लोग

# रस्सी से बंधे प्रतिबंधित पशु मिलने पर हिंदू संगठनों ने किया हंगामा



गाड़ी में बैठे लोगों से पूछताछ करती पुलिस। -जागरण मोर्चा



मौके पर हंगामा करते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के जारई गेट स्थित 35बी रेलवे फाटक के पास सोमवार दोपहर एक संदिग्ध घटना सामने आई, जब एक पिकअप वाहन में दो युवकों द्वारा प्रतिबंधित पशु को रस्सियों से बांधे देखे तो वह भड़क गए और उन्होंने इसका विरोध किया। इस दौरान युवकों की चालाक व गाड़ी में सवार लोगों से जमकर नोंकझोंक हो गई। हंगाम होते देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसके बाद युवकों ने इसकी सूचना हिंदू संगठन के लोगों को दी। सूचना पाकर देखते देखते मौके पर काफी संख्या में हिंदू संगठनों के लोग पहुंच गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर कोतवाली व यातायात पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में पिकअप में सवार व्यक्तियों ने बताया कि वे प्रतिबंधित पशुओं और उसके बछड़ों को पालन के लिए ले जा रहे है। हालांकि, जब पुलिस ने उनसे पशु परिवहन से संबंधित वैध कागजात मांगे, तो वे कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कागजात न दिखा पाने पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए पिकअप वाहन और उसमें ले जाए जा रहे पशु को अपने कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि बाद में उन लोगों ने कागज मांगा कर दिखा दिए। जिस पर वाहन का चालान करके पशुओं को छोड़ दिया।

# रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ की लेडीज नाइट 2026 रही शानदार

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ द्वारा कृति रिसोर्ट में आयोजित लेडीज नाइट 2026 राजस्थानी रंग, रानी सा के संग कार्यक्रम बड़े उत्साह, भव्यता और राजस्थानी संस्कृति की झलक के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रोटेरियन्स एवं उनकी जीवन संगिनियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं का स्वागत चंदन तिलक, पुष्पवर्षा एवं राजस्थानी पगड़ी पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना तथा महिलाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक राजस्थानी लोकनृत्य से हुआ। रंग-बिरंगी सजावट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक खेलों, मधुर संगीत एवं स्वादिष्ट व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में संजना अग्रवाल को राजस्थानी राजकुमारी सा, स्वाति अग्रवाल को राजस्थानी रानी सा तथा नीता अग्रवाल को राजस्थानी महारानी सा चुना गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति त्याग, शौर्य, सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने रोटरी की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी एवं नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि परिवार और समाज को साथ लेकर चलने की प्रेरणा हमारी महिलाओं से मिलती है। क्लब अध्यक्ष संजीव खण्डेलवाल एवं सचिव संजय गर्ग ने नीरज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, शरद अग्रवाल, मनोज खण्डेलवाल एवं पंकज जैन का कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर अरुण कुमार वन एवं पर्यावरण मंत्री, डॉक्टर आई एस तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, विशाल अरोरा, रतन गुप्ता, अनिल जैन, अमरजीत सिंह, अनुपम कपूर, डी सी खण्डेलवाल, संदीप मेहरा, दिनेश प्रधान, चंद्र प्रकाश, अजय जसोरिया, राजीव अग्रवाल बुबना, डॉक्टर सुनील कुमार, संजय अग्रवाल, अनिल मनोहर, संजय अग्रवाल, रोहित जिंदल, विभोर भरतिया, संजय आनंद सहित रोटेरियन सदस्य अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily.com



# सम्पादकीय

## कॉकरोच जनता पार्टी क्या सिर्फ एक छलावा मात्र है?

सत्य कभी-कभी कल्पना से भी कहीं ज्यादा विचित्र होता है। आज से पहले शायद ही कभी किसी ने ऐसा सोचा भी होगा कि एक दौर ऐसा आएगा जब लोगों में अपने आपको कॉकरोच कहने की होड़ लग जाएगी। देश भर में 'मैं भी कॉकरोच' जैसा एक बड़ा अभियान शुरू हो जाएगा। लोग, खासतौर से लाखों युवा 'मैं भी कॉकरोच' जैसे मीम्स और बैनरों के जरिए न केवल अपने आपको कॉकरोच कहने में गर्व महसूस करेंगे बल्कि हैशटैग के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने की भी कोशिश करेंगे।लेकिन ऐसा हुआ और इतनी तेजी से हुआ कि किसी को भी सोचने-समझने का मौका तक नहीं मिला। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी। लेकिन उसके बाद भी विरोध के स्वर बंद नहीं हुए। देशभर में सरकारी सिस्टम से नाराज लाखों युवा अलग-अलग अंदाज में लगातार अपना गुस्सा तो जाहिर कर ही रहे थे लेकिन देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 11,500 किमी दूर बैठे एक भारतीय युवा अभिजीत दीपके ( जो महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के रहने वाले हैं) के दिमाग में एक आइडिया आया और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तुरंत 'कॉकरोच जनता पार्टी' बना दी। इसके बाद देखते ही देखते भारत के लोकतंत्र में कुछ ऐसा होता हुआ नजर आया , जो इससे पहले किसी ने सोचा तक नहीं होगा। देखते-देखते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के फॉलोअर्स की संख्या 2 करोड़ 30 लाख तक पहुंचने वाली है। यह दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की कुल संख्या 93 लाख से लगभग ढाई गुणा ज्यादा है। इस बीच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके भी लगातार चर्चा में रहे। पार्टी के एक्स अकाउंट पर कभी रोक लगाई गई तो कभी वेबसाइट को डाउन करने का आरोप लगाया गया। जैसे ही लोगों ने इस पार्टी के इतिहास-भूगोल को खंगालना शुरू किया, सकते में आए अभिजीत दीपके ने तुरंत सफाई शुरू कर दी। इस बीच उन्होंने पार्टी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज को हैक करने का दावा भी किया और जब यह ठीक हुआ तो विवाद पैदा करने वाले पार्टी के संस्थापक मेघनन्द को उनकी ही पार्टी फॉलो करना बंद कर चुकी थी। मतलब कहीं न कहीं, कुछ तो गड़बड़ है। कुछ तो ऐसा हो रहा है जो फिलहाल सामने से नजर नहीं आ रहा है लेकिन जिसका आभास तो हो ही रहा है। बीजेपी इस पार्टी को विदेशी धरती से चलने वाले विपक्षी दल का टूलकिट बता रही है तो वहीं कई वरिष्ठ पत्रकार और बौद्धिक जमात के लोग इसे बीजेपी की बी टीम के रूप में पेश कर रहे हैं। अभिजीत दीपके की भी कई हरकतें, संदेह पैदा कर रही है। अभिजीत द्वारा एक खास पार्टी के समर्थक माने जाने वाले पत्रकारों को ही इंटरव्यू देना, विवादित व्यक्ति को अनफॉलो कर पहले कुछ खास पत्रकारों को फॉलो करना और फिर उन्हें भी अनफॉलो कर देना। सोचिए जो व्यक्ति शुरूआत से ही इतना ज्यादा सेलेक्टिव हो,उसके पीछे कितनी बड़ी टीम या कितना बड़ा दिमाग काम कर रहा होगा जो भारत के लोकतांत्रिक आंदोलन के मिजाज, भारत की मेनस्ट्रीम और नई मीडिया( यूटूबर्स) की आदतों को कितनी अच्छी तरह से समझता है। आंदोलन के जरिए, देश में एक माहौल पैदा करने में बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों को महारत हासिल है।

## रील्समय सब जग जानी

तुलसी के लिए समूचा विश्व ही श्रीराम और सीता की तरह रहा। आज की पत्रकारिता पर जिधर भी नजर फिराएं, कुछ उसी तरह टीवी मय ही लगती है। लगता नहीं कि मीडिया की की दुनिया में अखबार भी हैं, पत्रिकाएं भी हैं, रेडियो भी है और सबसे अहम इंटरनेट भी है। दो सौ साल की हिंदी पत्रकारिता का इतिहास गरिमा के सोपानों से भरा हुआ है। नवजागरण को बढ़ावा देने, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन मूल्यों की स्थापना में हिंदी पत्रकारिता ने महती भूमिका निभाई है। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से उपजी हिंदी पत्रकारिता ने स्वाधीनता की लड़ाई भी लड़ी, हिंदी भाषा और साहित्य के उत्थान का माध्यम भी बनी, लेकिन दो सौ साल की यात्रा के उपरांत बाद के वर्षों के उसके इतिहास को देखते हैं तो वह सिर्फ टीवीमय नजर आती है, टीवी से भी आगे बढ़कर वह रीलमय नजर आती है। छापे से शुरू हिंदी पत्रकारिता का यह रूप छापे और रेडियो की उपस्थिति के बावजूद आज वह रील्स के इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही है। टेलीविजन तक तो स्थिति ठीक थी, लेकिन उसके बाद की जब तकनीक के सहारे टीवी की दुनिया में चुपके से रील्स ने दखल देनी शुरू की तो स्थितियां बदलने लगीं। हर नई तकनीक की अपनी कुछ खासियत होती है और इसके साथ ही वह अपना चरित्र भी विकसित करती है। रील्स का जो चरित्र विकसित हुआ है, उसमें उथलापन ज्यादा है, गंभीरता कम है। इसे समझने के लिए छापा यानी प्रेस से मीडिया तक की यात्रा को गंभीरता से देखना और समझना होगा। रेडियो के आविष्कार और फिर टेलीविजन के विस्तार के पहले तक पत्रकारिता की बुनियाद में छापेखाने ही रहे। शुरूआती दौर में पत्रकारिता को प्रेस इसी वजह से कहा गया। जब तक उसकी पहचान के साथ प्रेस जुड़ा रहा, उसके प्रति विशिष्टताबोध बना रहा। टेलीविजन के विस्तार और बजरिए इंटरनेट माध्यमों की आवाजाही ने इस विशिष्टबोध युक्त पहचान को मीडिया में रूपांतरित कर दिया है। इस यात्रा में मोटे तौर पर पत्रकारिता के दो रूप दिखते हैं। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से जन्मे छापे की पत्रकारिता कोख में मिले संस्कारों को अब तक कमोबेश अपनाए रखा है। बाद में आए रेडियो और टीवी में तकनीक भले ही प्रधान रहा,लेकिन उनके मूल में भी छापे की ही पत्रकारिता रही। इसके बावजूद तकनीक प्रधान और अत्याधुनिक माध्यम टीवी छापे की बुनियादी मूल्यों से काफी दूर दिखता है। उदंत मार्तंड के प्रकाशक और संपादक जुगल किशोर शुक्ल हों या बंगाल गजट निकालने वाले जेम्स ऑगस्टस हिक्की, उन्हें अखबार निकालने का गहरा युगबोध था। लेकिन उन्हें पता था कि वह जो कार्य करने जा रहे हैं, वह बेहद दुष्कर है। उनके सामने संसाधनों की ही चुनौतियां ही नहीं थी, पाठक जुटाना और अपने छापे की बात उन तक पहुंचाना भी आसान नहीं था।

**- उमेश चतुर्वेदी**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# वंदेमातरम् के साथ कांग्रेस क्या 'जय हिन्द' को रोकेगी?



■ आलोक मेहता

(लेखक पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ संपादक हैं)

केरल में सत्ता में आने के बाद राहुल गांधी और सतीशन की कांग्रेस सरकार ने विधानसभा के उद्घाटन सत्र में ही राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम्' के पूरे छह अंश राज्यपाल के लिए तय प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं बजने दिए। इस पर कई आपत्तियों के साथ सवाल भी खड़े हुए हैं। एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी उठा है कि क्या अब अन्य राज्यों और 2029 में केंद्र की सत्ता के लिए 'जय हिन्द' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' जैसे नारों को भी राहुल गांधी की टीम सार्वजनिक कार्यक्रमों से बाहर करेगी? आखिर इनमें भी सीधे 'हिन्द' शब्द का उपयोग है। यह आशंका केवल आज की नहीं है, बल्कि जनवरी 1946 में महात्मा गांधी ने गुवाहाटी के एक भाषण में व्यक्त की थी। गांधीजी ने कहा था कि कांग्रेस की स्थापना के समय से ही वंदेमातरम् गाया जा रहा है। जो लोग इसका विरोध कर त्याग करने को कह रहे हैं, वे एक दिन जय हिन्द को भी त्याग देंगे। वंदेमातरम् का बहिष्कार नहीं होना चाहिए।

केरल विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण से पहले पुलिस बैंड द्वारा 'वंदे मातरम्' को पूरा न बजाकर केवल शुरुआती दो छंद प्रस्तुत किए जाने पर विवाद छिड़ा। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब वह संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार के नीतिगत अभिभाषण के लिए सदन में मौजूद थे, तब 'वंदे मातरम्' पूरा नहीं गाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने यह भी कहा कि पहले से तय था कि उनकी उपस्थिति में 'वंदे मातरम्' पूर्ण रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। नीतिगत अभिभाषण से पहले और बाद में बैंड दल ने केवल शुरुआती अंतरे ही बजाए।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष के प्रारंभ में सभी सरकारी संस्थानों और राज्य सरकारों के लिए दिशा-निर्देश जारी कर आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम्' के पूर्ण गान पर बल दिया था। इसके बावजूद केरल विधानसभा में हुए घटनाक्रम ने राजनीतिक बहस को जन्म दिया है।

केरल के नए मुख्यमंत्री सतीशन ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस और उसका यूडीएफ गठबंधन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की राजनीतिक विचारधारा और निर्णयों के अनुसार काम करता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी का स्पष्ट रुख है और वही गठबंधन पर भी लागू होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 'वंदे मातरम्' को पूरा गाना अनिवार्य नहीं है, क्योंकि संसद ने इस संबंध में कोई कानून पारित नहीं किया है।

सवाल यह है कि क्या कांग्रेस पार्टी राष्ट्रगीत, राष्ट्रीय प्रतीकों अथवा भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का विरोध इस हद तक करेगी और सरकार की संरक्षक बनी मुस्लिम लीग की संवेदनशीलताओं को प्राथमिकता देगी? मुस्लिम लीग तो आजादी से पहले भी वंदेमातरम् का विरोध करती थी और मुस्लिम मतदाताओं के लिए पृथक राजनीतिक अधिकारों की मांग कर रही थी। संविधान निर्माताओं ने ऐसी मांगों को स्वीकार नहीं किया था। शायद राहुल गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस तथ्य को भी याद नहीं रखना चाहती कि बंकिम चंद्र चटोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदेमातरम्' 1896 में कांग्रेस अधिवेशन में ही पहली बार गाया गया था। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने इसे कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में स्वर दिया और इसके बाद यह पूरे देश में लोकप्रिय हो गया। उन्हीं टैगोर के शांति निकेतन में कुछ समय इंदिरा गांधी ने भी शिक्षा प्राप्त की थी।



1905 के बंग-भंग आंदोलन के समय 'वंदे मातरम्' ब्रिटिश शासन के विरोध का प्रमुख नारा बन गया। कांग्रेस कार्यकर्ता इसका व्यापक प्रयोग करते थे और ब्रिटिश सरकार कई स्थानों पर इसके सार्वजनिक प्रयोग पर रोक लगाती थी। कांग्रेस अधिवेशनों के अलावा स्वतंत्रता आंदोलन के अनेक प्रसंगों में इस गीत की उपस्थिति दिखाई देती है। लाला लाजपत राय ने लाहौर से जिस पत्र का प्रकाशन शुरू किया उसका नाम 'वंदे मातरम्' रखा। अंग्रेजों की गोली का शिकार बनी स्वतंत्रता सेनानी मातंगिनी हाजरा के अंतिम शब्द भी 'वंदे मातरम्' बताए जाते हैं। 1907 में मैडम भीखाजी कामा ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में जो तिरंगा फहराया, उसके मध्य में 'वंदे मातरम्' अंकित था। काकोरी के अमर शहीद पंडित रामप्रसाद 'बिस्मिल' की प्रतिबंधित पुस्तक 'क्रांति गीतांजलि' में भी पहला गीत 'मातृ-वंदना' के रूप में वंदे मातरम् ही था।

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के राष्ट्रवादी आंदोलन का प्रमुख प्रतीक रहा है। इसके समर्थन और विरोध का इतिहास भारत की राजनीति, सांप्रदायिक संबंधों, स्वतंत्रता आंदोलन और आधुनिक राजनीतिक विमर्श से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह गीत जहां लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा बना, वहीं कुछ मुस्लिम नेताओं और मुस्लिम लीग ने इसकी कुछ पंक्तियों पर आपत्ति जताई, क्योंकि उनमें भारत माता को देवी स्वरूप में प्रस्तुत किया गया था।

आजादी के बाद 1950 में इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला। संविधान सभा को संबोधित करते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि 'जन गण मन' राष्ट्रगान होगा, जबकि 'वंदे मातरम्', जिसने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है, उसे समान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त रहेगी। इस घोषणा ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दोनों की गरिमा को स्थापित किया।

शुरुआती दौर में कांग्रेस ने वंदे मातरम् को व्यापक रूप से अपनाया, लेकिन कुछ मुस्लिम संगठनों की आपत्तियों के बाद समझौते का मार्ग भी अपनाया। उनकी मुख्य आपत्ति यह थी कि गीत में भारत माता को देवी स्वरूप में चित्रित किया गया है और कुछ पंक्तियों की व्याख्या देवी-पूजा के रूप में की जा सकती है। इस प्रकार कांग्रेस ने समर्थन और राजनीतिक समझौते दोनों का रास्ता चुना। दूसरी ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रारंभ से ही वंदे मातरम् को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रमुख प्रतीक माना। संघ के दृष्टिकोण में यह राष्ट्रीय एकता और मातृभूमि-भक्ति का गीत है। इसके विरोध को तुष्टीकरण की राजनीति का परिणाम बताया गया। संघ से जुड़े संगठनों ने अपने कार्यक्रमों, विद्यालयों और शाखाओं में इसका प्रयोग जारी रखा। भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी ने भी वंदे मातरम् को राष्ट्रीय पहचान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। भाजपा नेताओं ने समय-समय पर कहा कि इसका विरोध राजनीतिक तुष्टीकरण का परिणाम है और इसे विद्यालयों तथा सरकारी कार्यक्रमों में सम्मानजनक स्थान मिलना चाहिए।

वंदे मातरम् का इतिहास केवल एक गीत का इतिहास नहीं, बल्कि भारत की राजनीति, राष्ट्रवाद, सांप्रदायिक संबंधों और लोकतांत्रिक समझौतों का इतिहास भी है। एक पक्ष इसे राष्ट्रीय गौरव और स्वतंत्रता संघर्ष की आत्मा मानता है, जबकि दूसरा पक्ष मानता है कि राष्ट्रवाद को किसी एक सांस्कृतिक प्रतीक तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इसी संदर्भ में 26 अक्टूबर 2025 को 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को 'वंदेमातरम्' के इतिहास की याद दिलाई और इसके 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। इन आयोजनों के माध्यम से देशभर में राष्ट्रगीत के पूर्ण गान और उसके ऐतिहासिक महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। संसद में भी इस विषय पर लंबी चर्चा हुई, जिसमें प्रधानमंत्री सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदेमातरम् में हजारों वर्षों की सांस्कृतिक ऊर्जा, स्वतंत्रता का जज्बा और स्वतंत्र भारत का स्वप्न समाहित है। बंकिम चंद्र चटोपाध्याय ने समाज में आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए भारत के सामर्थ्यशाली स्वरूप का चित्रण किया था। उनके अनुसार भारत माता ज्ञान, समृद्धि और शक्ति का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदेमातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का स्मरण कराने वाली प्रेरणा है। आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में भी यही भावना ऊर्जा प्रदान करती है। महात्मा गांधी ने जिस स्वदेशी चेतना की बात की थी, उसी का आधुनिक स्वरूप आज भी राष्ट्रनिर्माण का आधार बन सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वतंत्रता से पहले लोगों ने आजाद भारत का सपना देखा था, उसी प्रकार आज की पीढ़ी विकसित और समृद्ध भारत का सपना देख सकती है। वंदेमातरम् की भावना हमें राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करने, आत्मनिर्भरता को अपनाने और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की प्रेरणा देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि वंदेमातरम् को केवल राजनीतिक विवाद का विषय न बनाया जाए, बल्कि उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व को समझा जाए।

# युवा भविष्य और परीक्षा प्रणाली की खामियां

आज भारत के सामने सबसे बड़ा संकट आर्थिक नहीं है, राजनीतिक नहीं है, धार्मिक और सामाजिक भी नहीं है आज सबसे बड़ा संकट विश्वास का है,भरोसे का है और उम्मीद का है। आज संकट है उस युवा के विश्वास का, जिसने अपनी आँखों में भविष्य के सपने सजाए हैं, उस छात्र का भरोसा जिसने वर्षों की तपस्या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगा दी, उस परिवार की उम्मीद का, जिसने अपनी सीमित आय, अपनी बचत, अपना वर्तमान और कभी-कभी अपना भविष्य तक बच्चों की शिक्षा पर दाँव पर लगा दिया और गिरवी रख दिया सुंदर भविष्य की कल्पना में और बदले में उसे मिला सिर्फ भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं की बलि चढ़ चुका ऐसा प्रशासनिक ढांचा और व्यवस्था जिसे बदलने या दंडित करने नहीं, बल्कि निरंतरता प्रदान करने के लिए अब ये सरकार दृढ़संकल्पित दिखती है।



■ प्रवीण पाठक

प्रश्न यह है कि क्या हम युवाओं को अवसर दे पा रहे हैं या एक तरह की अनिश्चितता? क्या हम उन्हें निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं या अविश्वास? क्या हम उन्हें ज्ञान का गणराज्य दे रहे हैं या घोषणाओं और प्रबंधन के सहारे चलने वाली एक ऐसी व्यवस्था, जिसमें उत्तरदायित्व का पता लगाना कठिन और दोष तय करना लगभग असंभव ही हो गया है?

वर्ष 2014 के बाद का दशक जहां भारत की युवा शक्ति का दशक होना चाहिए था। यह वह समय होना चाहिए था जब भारत विश्व की प्रतिभा राजधानी बनने की दिशा में आगे बढ़ता। यह वह कालखंड होना चाहिए था जब विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता, शोध निवेश, वैज्ञानिक नवाचार, कौशल विकास और रोजगार राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में होते।

लेकिन आज दुर्भाग्य से करोड़ों युवाओं के जीवन से जुड़े प्रश्न अक्सर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की सूची में पीछे धकेल दिए गए और उनकी सुध लेने की फिक्र किसी को नहीं रही। युवाओं को जब रोजगार चाहिए था, उन्हें बदले में बहसें मिलीं। उन्हें जब अवसर चाहिए थे, उन्हें आश्वासन और प्रतीक मिले।

उन्हें संस्थागत सुधार चाहिए थे,

उन्हें भविष्य चाहिए था।



और इसी बीच परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी बार-बार अनेकानेक प्रश्न खड़े होते गए और जवाबदेही शून्य हो गई।

स्मृतियों में ताजा है कि 2015 में ऑल इंडिया पीएमटी रद्द हुई, 2018 में सीबीएसई पेपर लीक का विवाद सामने आया। इसके बाद विभिन्न भर्ती परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं और चयन प्रक्रियाओं पर प्रश्न उठते रहे उनकी पारदर्शिता पर संशय होने लगा और इस घाव को और कुरेदते हुए 2024 और अब 2026 में नीट विवाद ने पूरे देश को झकझोर दिया तथा भारतीय युवाओं को बुरी तरह मानसिक तौर पर तोड़ दिया। यह केवल घटनाओं की सूची नहीं है, यह उस संस्थागत क्षरण की कहानी है जिसे समय रहते गंभीरता से नहीं लिया गया और ना अभी भी कोई उसे गंभीरता से ले रहा है सिर्फ खानापूर्ति करके पूर्व की तरह विषय को दबाना चाहते हैं। असल में नीट और सीबीएसई के मुद्दे पर गड़बड़ियाँ किसी की गलती से नहीं हुई है, बल्कि उस व्यवस्था परिवर्तन का नतीजा हैं, जो केंद्र सरकार ने बिना सोचे समझे बदली। आईआईटी के डायरेक्टर्स की कमेटी, जिसके अध्यक्ष प्रो. आचार्य थे, उसने एनटीए को संसद के कानून से एक वैधानिक संस्था बनाने की बात कही थी, जिस पर ऑडिट की कड़ी निगरानी रहे।

लेकिन सरकार ने 2018 में जब इसे बनाया, तो वैधानिक संस्था नहीं, सिर्फ एक साधारण सोसाइटी बना दिया। जिसके दो नतीजे हुए। एक यह की अब एनटीए पर कोई पब्लिक ऑडिट या निगरानी नहीं है। ये संस्था जो भी काम करती है, उस पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है, ना ही जवाबदेही है।

दूसरा, इसके पास स्थाई कर्मचारी बहुत कम हैं।

दुनिया भर में प्रचलन में है कि अगर कोई संस्था बेहद संवेदनशील काम करती है, तो वो काम उनके स्वयं के द्वारा किए जाते हैं। लेकिन एनटीए सभी काम ठेके पर करवाती है। पेपर डिजाइन, पेपर डिलीवरी, डेटा सेंटर प्रबंधन, परिणाम बनाना सभी ठेके पर है जिसे आउटसोर्स कहते हैं। सरकार के लिए एनटीए उसके ठेकेदारों के लिए दुधारू गाय है। इसीलिए 2024 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सुधार नहीं हुआ, न किसी को सजा हुई। यहाँ तक कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जो राधाकृष्णन कमेटी बनी और उसके सुझावों पर अमल करने के लिए एक मॉनिटरिंग कमेटी बनी, उसके काम का कोई रिकॉर्ड जनता में सार्वजनिक नहीं है।

केंद्र सरकार को बच्चों के भविष्य की कोई फिक्र नहीं है। बस सरकार के ठेकेदारों की मुनाफे की नजर है।

किसी भी राष्ट्र में प्रश्नपत्र का लीक होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं होता,वह सरकार की विश्वसनीयता पर आरोप-पत्र होता है।

जब एक प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले बाजार में पहुँच जाता है, तब केवल गोपनीयता भंग नहीं होती तब परिश्रम का नैतिक मूल्य भी घायल होता है। जब लाखों विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा देनी पड़ती है, तब केवल समय नष्ट नहीं होता तब आत्मविश्वास भी क्षीण होता है। जब बार-बार जाँच समितियाँ बनती हैं, तब केवल प्रक्रियाएँ नहीं चलतीं तब युवा मन में यह प्रश्न भी जन्म लेता है कि क्या व्यवस्था वास्तव में उसके साथ न्याय कर पाएगी? और यही वह प्रश्न है जिससे किसी भी लोकतंत्र को भयभीत होना चाहिए। क्योंकि जिस दिन एक पीढ़ी यह मान ले कि उसकी योग्यता से अधिक प्रभावशाली व्यवस्था की खामियाँ हैं, उस दिन राष्ट्र अपनी सबसे मूल्यवान पूँजी खोना शुरू कर देता है।

वर्तमान समय एक राष्ट्रीय चेतावनी है कि यदि युवा हमारी व्यवस्था पर भरोसा खो देंगे तो प्रतिभा पलायन बढ़ेगा और यदि प्रतिभा पलायन बढ़ेगा तो नवाचार घटेगा और यदि नवाचार घटेगा तो आर्थिक प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी यदि आर्थिक प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी तो आने वाली पीढ़ियाँ उस मूल्य की भयानक कीमत चुकाएँगी जिसे आज हम राजनीतिक सुविधा समझकर टाल रहे हैं। इसलिए ये प्रश्न केवल नीट का नहीं है न ही प्रश्न केवल एनटीए का है, प्रश्न केवल सीबीएसई का भी नहीं है। बल्कि प्रश्न तो यह है कि क्या भारत की शासन व्यवस्था अपने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति मानती है या केवल एक चुनावी वोट देने वाला वर्ग?

**(लेखक ग्वालियर दक्षिण के पूर्व विधायक हैं।)**


शिक्षा पर...



**प्राथमिक स्तर की शिक्षा मुख्यतः कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों से संबंधित मानी जाती है।**

## पाठ्यक्रम समान, कक्षाएं समान किंतु शिक्षक की योग्यता भिन्न:

# आखिर क्यों? गलती किसकी?




माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दिनांक 29.05.2026 के निर्णय में बेसिक शिक्षा के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को दिनांक 31 अगस्त 2028 तक शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण करने के निर्देश प्रदान किए हैं।

प्राथमिक स्तर की शिक्षा मुख्यतः कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों से संबंधित मानी जाती है। किंतु वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए अपने निर्णय को उच्च प्राथमिक स्तर अर्थात कक्षा 6 से 8 में कार्यरत शिक्षकों पर भी लागू किए जाने का प्रयास किया गया है, जोकि किसी भी आधार पर न्यायोचित एवं तर्कसंगत नहीं है। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा में अध्ययनरत समान आयु वर्ग(11 से 14 वर्ष) के बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षा का अधिकार समरूपता से परे है। इसमें गलती किसकी? बच्चे की या सरकारी व्यवस्था की या अधिनियम निमार्ताओं की।

यहां इस तथ्य पर दृष्टिपात करना सर्वथा उचित है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में वर्णित शिक्षक अर्हता केवल बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों पर ही लागू है। माध्यमिक शिक्षा जिसमें सभी इंटर कॉलेज सम्मिलित हैं तथा इन कॉलेजों में कक्षा 6 से 8 तक शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए व्यवस्था में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता लागू नहीं है न ही इस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोई टिप्पणी की गई है। ऐसे में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और उन्हीं कक्षाओं को पढ़ाने वाले बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के बीच अलग-अलग मानदंड अपनाना समानता के सिद्धांत के विपरीत है।

जब प्रश्न विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का है, तब कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का प्रबंधन (बेसिक अथवा माध्यमिक) नहीं, बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। यदि माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 के शिक्षकों को टीईटी से छूट प्राप्त है, तो बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना पूरी तरह भेदभावपूर्ण है।

समानता एवं न्याय के सिद्धांत को दृष्टिगत रखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में कार्यरत शिक्षकों को भी माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 के शिक्षकों के समान शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता से मुक्त किए जाने का प्रावधान आखिर क्यों नहीं?

# पीडीए 'अब पीट देगा अहिर' की राजनीति बनकर रह गया है : ओपी राजभर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** ओपी राजभर ने सूर्या चौहान हत्याकांड और आरोपी के एनकाउंटर को लेकर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना नहीं जताई, जबकि एनकाउंटर पर सवाल उठाए। राजभर ने पीडीए राजनीति और विपक्ष के रुख की भी आलोचना की।

प्रदेश सरकार में मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने गाजियाबाद के खोड़ा में 17 वर्षीय सूर्या चौहान की हत्या और उसके बाद हुए पुलिस एनकाउंटर को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। राजभर ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर सपा नेतृत्व पर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनहीन होने का आरोप लगाया।

राजभर ने अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए लिखा कि अपने प्रवक्ताओं को इंसानियत का पाठ पढ़ाइए। सूर्या चौहान की हत्या के बाद सपा की ओर से कोई संवेदना व्यक्त नहीं की गई, लेकिन आरोपी के एनकाउंटर के बाद पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए जाने लगे। उन्होंने पूछा कि आखिर विपक्ष किस तरह की कानून-व्यवस्था चाहता है।

मंत्री ने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले पर भी निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह अब पीट देगा अहिर की राजनीति बनकर रह गया है। राजभर ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के कारण विपक्ष कुछ घटनाओं पर मुखर रहता है, जबकि दूसरी घटनाओं पर चुप्पी साध लेता है। उन्होंने कहा कि सूर्या चौहान के परिवार के प्रति अखिलेश यादव की ओर से अब तक संवेदना के दो शब्द भी नहीं आए हैं। राजभर ने बहुजन समाज से भी ऐसे मुद्दों पर नेताओं के रुख को ध्यान से देखने की अपील की। कुछ दिन पहले भी राजभर ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी में गैर-यादव पिछड़ों और दलितों की भूमिका सिर्फ चुनावी भीड़ जुटाने तक सीमित कर दी गई है। बहुजन समाज के लोगों को सपा में "झंडा-झोला ढोने, दरी बिछाने और वोट देने" का काम सौंपा गया है, जबकि सत्ता, सम्मान और हिस्सेदारी का असली लाभ एक खास वर्ग तक ही सीमित रहता है। अमेठी की घटना ने सपा के भीतर की सच्चाई उजागर कर दी है। एक महिला विधायक और उनके परिवार के साथ कथित मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की घटना के बाद भी पार्टी नेतृत्व की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

## सार संक्षेप



### मुख्यमंत्री धामी के सौहार्द संदेश को मिला बल, मस्जिद के पेश इमाम व समाजसेवी हुए सम्मानित

**टनकपुर/चम्पावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तहसीलदार पिंकी आर्य ने मस्जिद के पेश इमाम अब्दुल करीम एवं मोहम्मद एजाज को सम्मानित किया। इस अवसर पर तहसीलदार पिंकी आर्य ने कहा कि समाज में सौहार्द, शांति और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत बनाने में धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने दोनों सम्मानित व्यक्तियों के सामाजिक योगदान और जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सम्मान प्राप्त करने पर अब्दुल करीम एवं मोहम्मद एजाज ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी समाज में भाईचारे, सद्भाव और जनजागरूकता के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल को सामाजिक एकता और सामुदायिक सद्भाव को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

### 12वां श्री श्याम महोत्सव की तैयारियां पूर्ण

**खटीमा।** नवयुवक श्री श्याम गुणगान मंडल द्वारा 12वां श्री श्याम महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। तराई बीज विकास निगम के मैदान में 2 जून को होने वाले श्री श्याम महोत्सव की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में कोलकाता के शुभम रूपम, मुंबई की गिन्नी कौर व काशीपुर की निशा अरोड़ा अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। एक निशान बाबा श्याम के नाम के तहत राधा कृष्ण खाटू श्याम देवालय लोहियाहेड रोड से कार्यक्रम स्थल तराई बीज विकास निगम मैदान तक हर्षोल्लास के साथ भव्य निशान यात्रा 1 जून को निकाली गई। 2 जून मंगलवार को रात्रि 8 :00 बजे से अलौकिक श्रृंगार – भव्य दरबार सजेगा और रात्रि में श्री श्याम गुणगान किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक मंडल नवयुवक श्री श्याम गुणगान मंडल द्वारा श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्री श्याम महोत्सव के गुणगान का आनंद लेने की अपील की है।

### जेईई और बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोदय विद्यालयों का परचम, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मॉडल से मिली सफलता

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस, जेईई एडवांस्ड और बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का मान बढ़ाया है। नि :शुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवासीय सुविधा और प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र अब देश के प्रतिष्ठित संस्थानों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के अनुसार मिर्जापुर के मड़िहान स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय को डॉ. अरुण कुमार तिवारी ट्रस्टी एक्स नवोदयन फाउंडेशन और टाटा एआईजी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के सीएसआर सहयोग से जेईई और नीट की तैयारी के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया गया है। इसी मॉडल का परिणाम है कि इस वर्ष विद्यालयों के 11 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। मड़िहान की छात्राओं दामिनी पटेल, अंवाला वर्मा, सृष्टि, शिवानी और रागिनी ने जेईई मेंस में सफलता हासिल की, जबकि प्रीति ने जेईई एडवांस्ड के लिए भी क्वालीफाई किया। प्रीति और दामिनी को आईआईटी मंडी के बीबीए–एमबीए कार्यक्रम के लिए भी शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसके अलावा देवरिया के विकास यादव और अंकित सिंह, बाराबंकी के अभिषेक मिश्रा, बस्ती के अमित कुमार तथा मिर्जापुर के ऋषिकेश भारती ने भी जेईई मेंस में सफलता हासिल कर विद्यालयों का नाम रोशन किया।

# 'लड़के ज्यादा लगा रहे झाड़ू-पोछा'

## योगी बोले- इंटरनेट पर अफवाह ज्यादा, इंटरव्यू में फॉलोवर्स नहीं पूछे जाएंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए सोशल मीडिया के सीमित उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता मेहनत से मिलती है, फॉलोअर्स से नहीं। छात्रों को समाचार पत्र पढ़ने, लक्ष्य निर्धारित करने और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं से अपने अभिभावकों पर स्मार्टफोन के लिए अनावश्यक दबाव न डालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन का प्रयोग सही दिशा में कीजिए। डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़िए, अपने पाठ्यक्रम से जुड़िए। समाचार पत्रों को नियमित पढ़ें। टीवी पर न्यूज देखिए, अन्य व्यर्थ कार्यक्रम न देखें।

सीएम सोमवार को लोक भवन में यूपी बोर्ड व संस्कृत शिक्षा परिषद के टॉप टेन, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के सर्वोच्च दस कुल 223 राज्य स्तरीय मेधावियों को एक-एक लाख रुपए का चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

इसके बाद छात्रों को संबोधित करते हुए सीएम ने छात्रों से सोशल मीडिया से दूरी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिकतम 10-15 मिनट तक ही सोशल मीडिया पर रहें। क्योंकि इसमें फंसे तो पूरा समय व्यर्थ हो जाएगा और परिणाम शून्य आएगा।

छात्रों को सफलता का मंत्र देते हुए सीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर ज्यादातर कंटेंट अफवाहों और झूठ पर आधारित होते हैं। किसी प्रतियोगिता या इंटरव्यू में कोई आपसे आपके फॉलोअर्स की संख्या नहीं पूछेगा। सफलता का मार्ग परिश्रम से निकलता है, शॉर्टकट अपनाने से नहीं। छात्रों के अभिभावकों से भी सीएम ने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की अपील की। कार्यक्रम में सीएम ने मेधावियों के साथ उनके अभिभावक व विद्यालय के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, महापौर सुषमा खर्कवाल, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, माध्यमिक शिक्षा विभाग की सचिव किंजल सिंह, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि छात्रों का पसीना छुड़ाने के लिए परीक्षा के पेपर न बनाएं। छात्रों को परेशान न करें। उन्होंने कहा कि प्रश्न ऐसा हो कि छात्र थोड़े प्रयास से उसे हल कर सके। सीएम ने कहा कि नौ साल पहले बोर्ड परीक्षा में नकल होती थी। शिक्षक भर्ती नहीं होती थी। विद्यालय भी वैसे ही थे। छात्रों को पता था कि अंत में ठेका ही होना है तो मेहनत क्यों करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने विद्या को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रखा। हम ऐसी विद्या दें जो जीवन के हर क्षेत्र में मुक्ति का मार्ग साफ करे। चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा दे और समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाए। हमारे यहां श्रीराम भी थे और श्रीकृष्ण भी। मुरली की जरूरत मथुरा में थी, कभी सुदर्शन की जरूरत धर्म की स्थापना के लिए पड़ती है। तभी हम आगे बढ़ पाते हैं। दुनिया में भारत का सम्मान इसलिए था क्योंकि हमारे पास ज्ञान की सबसे बड़ी धरोहर थी। यह मेधावी सम्मान उसी कड़ी का हिस्सा है।

# पाकिस्तानी गैंगस्टर्स-आईएसआई से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार, महिला नेता को निशाना बनाने वाला था

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** आजमगढ़ से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है, जिस पर पाकिस्तानी गैंगस्टर और आईएसआई से जुड़े नेटवर्क के संपर्क में रहने का आरोप है। जांच एजेंसियों के अनुसार वह कथित रूप से आतंकी गतिविधियों, स्लीपर सेल नेटवर्क और एक महिला राजनीतिक नेता को निशाना बनाने की साजिश में शामिल था। मामला जांचाधीन है।

पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के देश भर में सक्रिय स्लीपर सेल की धरपकड़ के तहत यूपी एटीएस ने आजमगढ़ से आतंकी मोहम्मद शेख को रविवार को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उसके पास से एक नाइन एमएम की पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। वह शहजाद भट्टी के इशारे पर एक अन्य राज्य की महिला नेता को निशाना बनाने की फिराक में था।

एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि भारत में आतंक फैलाने के लिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई कई आतंकवादी संगठनों और गैंगस्टर्स के साथ मिलकर बड़ी घटनाएं अंजाम देने की फिराक में है। शहजाद भट्टी नामक पाकिस्तानी गैंगस्टर के आतंकी नेटवर्क का सहयोग लेकर भारतीय युवकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिये जोड़ने के बाद पैसे का लालच देकर और उनकी धार्मिक भावनाओं को भड़काकर स्लीपर सेल के रूप में आतंकी गतिविधियां अंजाम देने के लिए उकसाता है। शहजाद भट्टी बड़ी संख्या में भारतीय युवकों को कट्टरपंथी बना है ताकि उनसे कोई बड़ी आतंकी घटना अंजाम दिलाकर देश की एकता, अखंडता व संप्रभुता पर खतरा पैदा किया जा सके।

# समाजहित में सराहनीय कदम, दीपक शारदा की पहल से राहगीरों को मिलेगा शीतल जल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टनकपुर।** भीषण गर्मी के बीच नगर क्षेत्र के वरिष्ठ व्यवसायी दीपक शारदा ने जनहित में सराहनीय पहल करते हुए अपने निवास स्थान के बाहर ठंडे पेयजल की व्यवस्था के लिए अत्याधुनिक कूलिंग मशीन युक्त वाटर कूलर स्थापित कराया है। उनकी इस पहल से स्थानीय लोगों के साथ-साथ माँ पूर्णागिरि धाम आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भी राहत मिलेगी। गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाए गए इस वाटर कूलर का लाभ राहगीरों, व्यापारियों, यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को प्रतिदिन मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने दीपक शारदा के इस सामाजिक कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्णागिरि मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु टनकपुर पहुंचते हैं, ऐसे में ठंडे पानी की यह व्यवस्था उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। लोगों ने दीपक शारदा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। दीपक शारदा ने कहा कि समाज और श्रद्धालुओं की सेवा करना उनका दायित्व है तथा भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों में उनका सहयोग जारी रहेगा। उनकी इस पहल को नगर क्षेत्र में खूब सराहा जा रहा है।

# ग्रामीणों की आवाज पर हरकत में आया लोक निर्माण विभाग, जलभराव की समस्या पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टनकपुर / मनिहारगोठ।** वर्षों से जलभराव की समस्या झेल रहे मनिहारगोठ के ग्रामीणों की आवाज आखिरकार प्रशासन तक पहुंच गई है। सोमवार को लोक निर्माण विभाग के एई लक्ष्मण सिंह सामंत स्वयं क्षेत्र में पहुंचे और सड़क किनारे जलभराव से प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। गौरतलब है कि लगातार हो रही वर्षा के चलते ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में कई स्थानों पर सड़क के दोनों ओर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क से नीचे हो चुके फुटपाथों के कारण बरसाती पानी जमा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान शहाना खातून, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मुवश्शिर अली गोलू तथा उपप्रधान नजीर हुसैन ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एई लक्ष्मण सिंह सामंत ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां फुटपाथ सड़क स्तर से नीचे हो गए हैं, उन्हें शीघ्र ऊंचा कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रवासियों ने विभाग की इस तत्परता का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि अब लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं होते तो बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते थे। अब विभाग की सक्रियता से लोगों में राहत और विश्वास का माहौल बना हुआ है।

# धामी सरकार में विकास की रोशनी से चमका मनिहारगोठ, 30 सोलर लाइटों ने बदली गांव की तस्वीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टनकपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में ग्राम पंचायत मनिहारगोठ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर 30 सोलर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं, जिससे वर्षों से चली आ रही अंधेरे की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। ग्राम प्रधान शहाना खातून और ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक वर्मा ने बताया कि पंचायत स्तर पर किए गए इस कार्य से ग्रामीणों को रात के समय सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। सौर ऊर्जा आधारित लाइटें पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले कई स्थानों पर रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से परेशानी होती थी, लेकिन अब रास्तों के रोशन होने से लोगों में सुरक्षा और सुविधा की भावना बढ़ी है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों और पंचायतों को मिल रहे सहयोग के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है।

# अब सिमटेगी आंधी बारिश, फिर चढ़ेगा पारा और गर्मी दिखाएगी अपना रंग

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** दो जून से आंधी बारिश सिमटेगी और पारा फिर से चढ़ेगा। गर्मी अपना रंग दिखाएगी। सोमवार को 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ फर्रुखाबाद प्रदेश में सबसे गर्म रहा।

उत्तर प्रदेश में सोमवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का सिलसिला जारी रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। राजधानी लखनऊ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रही, जबकि बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर और आसपास के जिलों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश दर्ज की गई। सोमवार को सुल्तानपुर में 14.8 मिमी, फतेहपुर में 7.3 मिमी, अमेठी में 6.6 मिमी, आजमगढ़ में 3.8 मिमी, हरदोई में 1.6 मिमी और झांसी में 1.2 मिमी बारिश हुई। 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ फर्रुखाबाद प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ने लगा है। इसके चलते मंगलवार से आंधी-बारिश का दायरा सिमटने की संभावना है। विभाग ने मंगलवार के लिए प्रदेश में किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। इसके चलते अगले चार दिनों में प्रदेश के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जा सकती है और धीरे-धीरे गर्मी का असर फिर बढ़ने लगेगा।

**सर्वेक्षण** घरेलू हिंसा घटी, आंकड़ों में दिखी आधी आबादी की बादशाहत

# दोगुनी हुई इंटरनेट उपयोगकर्ता महिलाओं की संख्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं की डिजिटल पहुंच तेजी से बढ़ी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6) के ताजा आंकड़ों के अनुसार चार वर्ष में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की संख्या दोगुने से ज्यादा हो गई है। इसके साथ ही घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं में 6.4 फीसदी की कमी आई है।

एनएफएचएस-5 में जहां केवल 30.6 प्रतिशत महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करती थीं, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 70% पहुंच गया है। एनएफएचएस-6 की रिपोर्ट 30 मई 2026 को जारी हुई है जबकि एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट मई 2022 में जारी हुई थी। सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि इंटरनेट के साथ-साथ महिलाओं की वित्तीय और सामाजिक भागीदारी में भी सुधार दर्ज किया गया है। बैंक खाते का स्वयं उपयोग करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 75.4 से बढ़कर 83.5 हो गया है। मोबाइल फोन का उपयोग करने वाली महिलाओं की संख्या भी 46.5 प्रतिशत से बढ़कर 56.4 प्रतिशत पहुंच गई है। इससे यह संकेत मिलता है कि महिलाएं अब आर्थिक और डिजिटल दोनों स्तरों पर अधिक आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिहाज से भी राहत भरी तस्वीर सामने आई है। पति द्वारा कभी न कभी हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 34.9 से घटकर 28.5 फीसदी ही रह गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में 10 वर्ष या उससे अधिक स्कूली शिक्षा प्राप्त महिलाओं का प्रतिशत 39.3 से बढ़कर 42.5 हो गया है। काम के बदले नकद भुगतान प्राप्त करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 15.5 से बढ़कर 21.1 हो गया है। यह महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में वृद्धि दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार महिलाओं के लिए कुछ क्षेत्र में अभी भी सुधार की जरूरत है। 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग की युवतियों में स्वच्छ मासिक धर्म सुरक्षा साधनों का उपयोग 72.9% से घटकर 69.2% रह गया है।

इसी प्रकार घरेलू निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी का प्रतिशत भी 87.6 से घटकर 85.9 हो गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्री डॉ. पवन मिश्रा का कहना है कि इंटरनेट मनोरंजन के साथ ही सशक्तीकरण का माध्यम है। समय के साथ महिलाओं में इंटरनेट का उपयोग बढ़ा है। वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक हो रही हैं। आने वाले दिनों में और अधिक सकारात्मक बदलाव नजर आएंगे।

# डीजीपी ने गिनाईं विगत एक वर्ष की उपलब्धियां

## कहा- जीरो टॉलरेंस नीति से अपराध में आई कमी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि उन्हें पहली जून 2025 को कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया था। वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 मई को उन्हें स्थाई रूप से नियुक्ति प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में हमने अपने लक्ष्य के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति रखी, जिससे अपराध में कमी आई।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत सभी थानों को शक्ति केंद्र बनाया गया। दहेज, घरेलू झगड़े जैसे सामाजिक अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक किया। अब शिकायतों और कार्यवाई का फीडबैक लिया जाता है। शिकायतों की निचले स्तर पर जवाबदेही निर्धारित की गई है। एडवांस स्तर की साइबर सेफ्टी को लेकर केंद्रीय स्तर पर बड़ा एंस्टीट्यूशन बनाया जा रहा है। यक्ष नामक एप से एक लाख पुलिस कर्मी जुड़े हुए हैं।

उन्होंने बताया कि यक्ष एप के माध्यम से 32 वर्ष बाद एक अपराधी गिरफ्तार किया गया है। दुर्घटना से मौतों में 11.5 फीसदी कमी आई है और सड़क हादसों में 7.5 फीसदी कमी आई है। यक्ष एप एक हाईटेक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा बेस्ड मोबाइल अप्लिकेशन है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दो पहल की गई। कानून में बदलाव को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया गया, 60 दिनों में चार्जशीट भेजने की अनिवार्यता शुरू की गई तथा नए साक्ष्यों के माध्यम से अपडेट किया जाना शुरू किया गया।

# मासूम पर पालतू कुत्तों का हमला, विरोध करने पर महिला अधिवक्ता से मारपीट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला तुलाराम में एक 7 वर्षीय बच्चे पर पड़ोसी के पालतू कुत्तों द्वारा हमला किए जाने और शिकायत करने पर उसकी मां के साथ मारपीट व अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला अधिवक्ता संगीता चौधरी ने बताया कि 30 मई 2026 की शाम करीब 5 बजे उनका पुत्र दैविक घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोसी के चार-पांच पालतू कुत्तों ने अचानक बच्चे पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके हाथ व पैरों में गहरे जख्म हो गए।

पीड़िता के अनुसार, घटना की शिकायत लेकर जब वह पड़ोसी के घर पहुंचीं तो आरोपी पक्ष ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि भूरालाल, उसकी पत्नी अंजली तथा अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान उनके प्रति जातिसूचक टिप्पणियां की गईं।

घटना के बाद घायल बच्चे का उपचार कराया गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी पक्ष के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

फिलहाल पुलिस को मामले की शिकायत दे दी गई है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 22 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान, मेडल और प्रशस्ति पत्र

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय



मेधावी छात्रों और छात्रों को पुरस्कृत करते जन प्रतिनिधि व अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। समारोह में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, विधायक बरखेड़ा, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और 21-21 हजार रुपये के डेमो चेक देकर सम्मानित किया। उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रदेश का भविष्य बताते हुए उनकी सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वहीं जिलाधिकारी ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### गन्ना कृषक महाविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**पीलीभीत।** गन्ना कृषक महाविद्यालय, पूरनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में आम, अमरूद और अनार के पौधे लगाए गए तथा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्ष संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. रेखा सिंह, डॉ. विनोद सिंह, शाहिद खान, सुरेंद्र पाल सहित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### भीषण लू के बीच राहत बनकर उभरे कूलिंग टेंट

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच पूरनपुर में लोगों को राहत देने के लिए लगाए गए अस्थायी कूलिंग टेंट इन दिनों चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। टेंट आम लोगों के लिए राहत का बड़ा सहारा साबित हो रहे हैं। स्थानीय बाजारों, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के आसपास लगाए गए इन कूलिंग टेंटों में राहगीर, मजदूर, रिक्शा चालक और बाजार आने वाले लोग कुछ समय के लिए ठहरकर लू से बचाव कर रहे हैं। दोपहर के समय जब तापमान अपने चरम पर पहुंच जाता है, उस दौरान ये अस्थायी शेड लोगों को सीधी धूप और गर्म हवाओं से राहत प्रदान कर रहे हैं। टेंटों के अंदर बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ पानी, पंखे और प्राथमिक सुविधा के इंतजाम किए गए हैं। कुछ स्थानों पर ठंडे पानी और ORS घोल की भी व्यवस्था की गई है, जिससे लू लगने की आशंका को कम किया जा सके। गर्मी के चलते दोपहर के समय व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। कई दुकानदारों ने बताया कि ग्राहक कम निकल रहे हैं और जो लोग बाजार आ भी रहे हैं, वे गर्मी से बचने के लिए इन टेंटों में कुछ देर आराम करने के बाद ही आगे बढ़ रहे हैं। लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

### दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को निकाला

**पूरनपुर।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर माता पिता को पीटने का आरोप लगाया है। शिकायत पुलिस से की गई है। थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा निवासी युवती ने वताया कि उसकी शादी तीन साल पहले दियूरियाकला थाना क्षेत्र के गांव मधवापुर निवासी युवक के साथ की थी। आए दिन उसका पति और



ससुराली आए दिन मारपीट कर प्रताडित करते है। कईबार घर से निकाल चुके हैं। 26 मई को ससुरालियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसको मारपीट कर घर से भगा दिया, जानकारी लगने पर उसके पिता और मां पुत्री को लेकर उसकी ससुराल पहुंचे और ससुरालियों का समझने का प्रयास किया। आरोप है कि विवाहिता और उसके माता-पिता के साथ गाली गलौज की, मना करने पर मारा पीटा जिससे बह घायल हो गया।इसके बाद सभी को घर से भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके है। कमरे में बंद कर भी पीटा गया। गोली मारकर जान लेने की धमकी दी। शिकायत दियूरियाकला पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग अलग मारपीट में युवक व महिला घायल

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी प्रमोद कुमार ने वताया कि उसके चाचा से रास्ते के निकास को लेकर विवाद चल रहा है। उसके चाचा गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है। गरीवपुर निवासी माधुरी ने पति पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

# सपा में शामिल होने के बाद पूरनपुर पहुंचे अशोक राजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय




पूरनपुर पहुंचे अशोक राजा का स्वागत किया।

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार पूरनपुर पहुंचे अशोक राजा का पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया।

पीलीभीत निवासी अशोक राजा पूरनपुर विधान सभा में कई साल से गांव गांव जाकर सबके सुख दुख में शामिल होते है। वर्ष 2022 में बह पूरनपुर सुरक्षित विधानसभा से बसपा के टिकट पर चुनाव लडा था। जिसमे वह हार गए थे। कुछ दिन पहले लखनऊ जाकर बसपा को छोंड कर सपा में शामिल होते हुए सपा की सदस्यता ग्रहण की थी। सपा में शामिल होने के बाद वह पहली बार पूरनपुर पहुंचे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में सपाई और समर्थक एक होटल में स्वागत स्थल पर एकत्र हो गए। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से अभिनंदन कल जोरदार नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अशोक राजा ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की विचारधारा आम जनता, किसानों, मजदूरों, युवाओं और पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा करने वाली विचारधारा है। अशोक राजा के समाजवादी पार्टी में शामिल होने को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया। उनके साथ बडी संख्या में लोग सपा में शामिल हुए। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पवन यादव, अजय भारती, बालकराम सागर, संजय खान, मोहम्मद मियां छोटे, जमुना प्रसाद वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंचायत सहायकों की डिजिटल हड़ताल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** विकास खंड पूरनपुर में मंगलवार को पंचायत सहायकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर डिजिटल हड़ताल शुरू कर दी।

अचानक शुरू हुए इस सामूहिक विरोध से पंचायत स्तर पर ऑनलाइन कार्यों के प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है, जिससे ग्रामीणों से जुड़े प्रशासनिक कामकाज की गति पर भी असर पड़ सकता है। पंचायत सहायकों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याएं और मांगें लंबे समय से प्रशासन के समक्ष उठाई जा रही हैं, लेकिन अब तक उनका कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। इसी के विरोध में उन्होंने डिजिटल कार्यों का बहिष्कार करते हुए कार्य बंद कर दिया और सामूहिक रूप से हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के दौरान पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई है। पंचायत सहायकों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा इसका दायरा बढ़ाया जा सकता है। डिजिटल हड़ताल के चलते पंचायत स्तर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, ऑनलाइन फीडिंग, एवं अन्य ई-गवर्नेंस से जुड़े कार्यों पर असर पड़ने की आशंका है। इससे ग्रामीणों को भी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस दौरान बडी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जा करने का प्रयास का आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय



विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देने का आरोप। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** जमीन पर कब्जा करने के प्रयास और विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाओं व लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर निवासी राखी आदि लोगों ने वताया कि उनकी मुडिया में जमीन स्थित है। उस जमीन पर कुछ लोग जबरन अवैध कब्जा करना चाहते है। इसी को लेकर सोमवार को कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। इसकी जानकारी लगी तो कई लोग व महिलाएं मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने अवैध कब्जे का विरोध किया। आरोप है कि उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। पीड़ितो का कहना है कि आरोपियों ने उसे धमकी भी दी। जानकारी मिलने पर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पदाधिकारी और कार्यकर्ता समर्थन में सामने आए। बड़ी संख्या में लोग व महिलाएं तहसील पहुंची। विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। भाकियू (भानु) पदाधिकारियों ने कहा कि यदि पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

तहसील परिसर में मौजूद अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिकायत पुलिस से की गई है। इस दौरान बडी संख्या महिलाएं और लोग मौजूद रहे।

# मस्जिद के पास दो बाइकें भिड़ीं, दो युवक घायल

- एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल के लिए रेफर

**पूरनपुर।** मस्जिद के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सोमवार को नगर के अलखजरा मस्जिद के निकट दो बाइकें अचानक आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, हादसे में कायस्थान निवासी राम मूर्ति व जटपुरा निवासी विकास घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। इनमें से एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे घायल का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है। सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। दोनों वाइकें भी छतिग्रस्त हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कलीनगर और डगा पुल के नवनिर्माण का आज होगा शुभारंभ

- विधायक के प्रयासों से वर्षों की प्रतीक्षा होगी समाप्त

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के हजारों लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। हरदोई ब्रांच नहर पर स्थित कलीनगर पुल और डगा पुल के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार दो जून को भूमि पूजन के साथ किया जाएगा।

वर्षों से जर्जर और क्षतिग्रस्त पड़े इन पुलों के कारण क्षेत्रीय ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने जनता की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र सौंपकर दोनों पुलों की जर्जर स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र निर्माण की मांग की। इसके बाद मामले को प्रदेश सरकार के समक्ष रखा गया। विधायक के प्रयासों और जनहित को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों पुलों के नवनिर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर दिया। पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हरदोई ब्रांच नहर पर बने कलीनगर और डगा पुल क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल हैं। इन पुलों के माध्यम से दर्जनों गांवों के लोग पूरनपुर नगर सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। समय के साथ दोनों पुलों की स्थिति लगातार खराब होती चली गई। पुलों में दरारें आने और संरचना कमजोर होने के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी। विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि मंगलवार 2 जून को सुबह 10 बजे विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भूमि पूजन के साथ ही पुलों के निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ हो जाएगा।

# नकदी और आभूषण लेकर किशोरी गायब, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में गई थी। वह अपनी मां को घर पर छोड़ गई। 22 मई को सुबह जब उसकी मां पानी पीने के लिए उठी तो उसकी पुत्री गायब मिली। काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर वह रिश्तेदारी से वापस घर लौटी। काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। उसकी पुत्री घर में रखी कान के झुमके, दो अंगूठी सोने की, पैंडिल, पायले व पचास हजार की नकदी भी ले गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



# कार्यकत्रियो को वितरण किए गए स्मार्ट फोन

**पूरनपुर।** सोमवार को नगर में बाल विकास परियोजना में सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद की परियोजना के तहत कार्यकत्रियों को को सैमसंग गैलेक्सी स्मार्ट मोबाइल फोन वितरण किए गए। प्रदान किए गए इन मोबाइल के जरिए विभागीय कार्यों से गुणवत्तापूर्ण करवा जा सकेगा समस्त विभागीय कर मेंबर के माध्यम से पूर्ण किए जाएंगे।विभागीय कार्यों में पारदर्शिता गुणवत्ता पर किया जा सकेगा। पंजीकरण प्रमाणीकरण लाभार्थियों को शीघ्र पोषाहार वितरण लाभार्थियों का भ्रमण सामुदायिक आधारित टीकाकरण प्रधानमंत्री मातृ योजना ऑनलाइन दिए जा रहे थे।




कार्यक्रम | हजारों लोगों ने गोमती नदी पहुंच कर किया श्रमदान

# डीएम-विधायक ने पुनरोद्धार का किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय



शुभारंभ करते विधायक और जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा



श्रमदान कर सफाई करते लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर/घुंघचाई।** ग्राम पंचायत शेरपुर मकरंदपुर के गांव चन्दुइया कॉलोनी में सोमवार को माँ गोमती नदी के पुनरोद्धार एवं संरक्षण कार्य का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा विधायक वावूराम पासबान और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद नारियल फोड़कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने गोमती नदी के तट पर श्रमदान कर सफाई अभियान में भाग लिया। इस दौरान नदी के किनारों पर उगी झाड़-झंखाड़, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाने का कार्य किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि गोमती नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। इसके संरक्षण एवं पुनरोद्धार के लिए प्रशासन और जनता को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना किसी भी पर्यावरणीय अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता। इस अभियान का उद्देश्य नदी की स्वच्छता, जलधारा का संरक्षण तथा आसपास के पर्यावरण को बेहतर बनाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत गोमती नदी के किनारे स्थित 16 ग्राम पंचायतों में लगभग 47 किलोमीटर क्षेत्रफल में विशेष सफाई एवं संरक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। नदी तटों की सफाई, अवैध अतिक्रमण की पहचान, जल स्रोतों के संरक्षण तथा वृक्षारोपण जैसे कार्यों को भी अभियान में शामिल किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी गोमती नदी के संरक्षण के लिए निरंतर जनजागरण चलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर नदी और पर्यावरण की स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी निभाए तो गोमती को पुनः उसके प्राचीन गौरव के अनुरूप बनाया जा सकता है। नेकी की दीवार संस्था, व्यापारी वर्ग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रमदान के दौरान युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने हाथों में सफाई उपकरण लेकर नदी तट की सफाई की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर खंड हेमंत यादव, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान निर्मल सिंह, लक्ष्मण वर्मा, राममूर्ति सिंह, निर्भय सिंह सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठन के सदस्य एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में माँ गोमती को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाने के लिए निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया।

# पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने मंदिर में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से बांटा प्रसाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



- ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सीताराम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब
- विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, भक्ति और सेवा भाव से सराबोर रहा माहौल
- दिनभर मंदिर परिसर में गूंजते रहे भगवान के जयकारे, श्रद्धालुओं की लगी रही कतारें
- सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने लिया हिस्सा, सामाजिक सौहार्द का दिया संदेश

**बदायूं।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के प्राचीन सीताराम मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान की पूजा-अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, श्रद्धा और सेवा भाव से ओतप्रोत रहा। भगवान के जयकारों और भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। भंडारे का शुभारंभ विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई, जो देर शाम तक लगातार बनी रही। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष फात्मा रजा भी मंदिर पहुंचीं। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया और लोगों का हालचाल जाना। उनके सेवा भाव और सहभागिता की उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सामाजिक समरसता को और मजबूत करती है। आयोजकों ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देता है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, बैठने तथा स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं को संभालते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी। अनुशासित एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए इस धार्मिक आयोजन की श्रद्धालुओं ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इसे आस्था तथा सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बताया। इस मौके पर महंत कृष्ण बल्लभ महेरे, कमल रस्तोगी, सभासद मोहित सक्सेना महंत वाल मुकुंद, शिव शंकर महेरे, पूनम रस्तोगी, मनु रस्तोगी, मारुत सक्सेना, प्रिया सक्सेना आदि मौजूद थी।

## सार संक्षेप

### भीषण गर्मी से राहत के लिए शहर में शुरू हुई मिस्ट फॉगिंग

**बदायूं।** भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरवासियों को राहत देने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका ने मिस्ट फॉगिंग अभियान की शुरुआत कर दी है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने 52 लाख 95 हजार रुपये की लागत से खरीदे गए फॉग कैनन व्हीकल का फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसके बाद शहर के कई प्रमुख मार्गों पर मिस्ट फॉगिंग कराई गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ धूल के कणों में भी कमी आई। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि फॉग कैनन व्हीकल के माध्यम से की जाने वाली मिस्ट फॉगिंग वातावरण के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक साबित हो रही है। इससे लू के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है और सड़कों पर आने-जाने वाले लोगों को राहत महसूस होती है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य गर्मी के मौसम में नागरिकों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि मिस्ट फॉगिंग का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे हवा में मौजूद धूल के सूक्ष्म कण नीचे बैठ जाते हैं, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलती है। बाजारों, प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर इस तकनीक के उपयोग से वातावरण में शीतलता बनी रहती है और लोगों को स्वच्छ हवा मिलती है। पालिका प्रशासन के अनुसार यह अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर नियमित रूप से मिस्ट फॉगिंग कराई जाएगी, ताकि भीषण गर्मी के दौरान नागरिकों को राहत मिल सके और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा सके।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पत्नी ने दोस्त पर लगाए गंभीर आरोप



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद पत्नी ने युवक के एक दोस्त पर जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की कृष्णापुरी कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय युवक की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति को एक परिचित व्यक्ति अपने साथ ले गया था। कुछ समय बाद युवक घर के बाहर अचेत अवस्था में मिला, जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। पत्नी का कहना है कि पहले भी दोनों के बीच लेन-देन और अन्य विवाद को लेकर तनाव रहा था। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री आबिद रजा ने की अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील

## शेखूपुर विधानसभा के गांव बिलहरी, मसूदपुरा, छोटी गौरामई, मई बूचन, उधैनी में हुआ पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा लगातार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए का प्रचार लगातार कर रहे हैं। शेखूपुर विधानसभा की जनता पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से बार-बार विधानसभा से चुनाव लड़ने का अनुरोध कर रही है।

शेखुपुर की जनता की मांग बन चुके है पूर्व मंत्री आबिद रज़ा क्योंकि यहां की जनता जानती है कि जहां से आबिद रज़ा चुनाव लड़ते हैं विधायक बनते है वहां की आम जनता का वह बहुत ख्याल रखते है। चूंकि आबिद रज़ा तेजतर्रार, संघर्षशील नेता है इसीलिए शेखूपुर की जनता चाहती है कि आबिद रज़ा 2027 का चुनाव शेखुपुर विधानसभा से लड़े।

जनता के इसी अनुरोध पर पूर्व मंत्री आबिद गांव-गांव पहुंचकर जनता से पूछ रहे हैं, जिसपर जनता दीवानगी के साथ हाथ उठाकर यह कह रही है कि आप यहां से चुनाव लड़िये , आप ही यहां से चुनाव जीत सकते हैं। इसी क्रम में सोमवार को पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने 116 शेखुपुर विधान सभा के ग्राम बिलहरी, मसूदपुरा,छोटी गौरामई, मई बूचन, उधैनी में पीडीए के प्रचार के लिए जनसभा की।

आबिद रज़ा की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी तथा हार फूलों से ग्रामवासियों ने आबिद रज़ा का स्वागत किया। सभी गाँवों मे गांव की आम जनता ने आबिद रज़ा का ढोल नगाड़ों, छतों से फूलों की वर्षा, फूलमाला डालकर भव्य स्वागत किया। । ग्रामवासियों ने अपने गांव की सीमा से एक किलोमीटर पहले से ढ़ोलनगाड़ो और बाईकों पर सवार होकर देखो देखो कौन आया बब्बर शेर आया, बब्बर शेर आया के नारे लगाते हुए जुलूस निकाला और गांव में पहुंचने पर लोगों ने अपनी छतों से फूलों की बारिश की। लोग जुलूस की शक्ल में आबिद रज़ा के नारे लगाते हुए आबिद रज़ा को मंच तक ले गए।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने अपने संबोधन मे कहा कि शेखूपुर की जनता के वोट का हक जो बनता था यह सच है कि उसे नहीं निभाया गया बल्कि शेखुपुर की जनता का सियासी शहूर खत्म किया गया, उन्हें सियासी गुलाम बनाया गया, सत्ता का डर दिखाया गया, मगर काम कोई नहीं किया गया। आज उत्तर प्रदेश की सियासत दो हिस्सों में बंट गई है, एक नफरत करने वालों की और दूसरी मोहब्बत करने वालों की। हमें उन लोगों को मजबूत करना है जो नफरत नहीं करते। 2027 में जनता मन बना चुकी है कि अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे। जो लोग अपने आप को विश्वगुरु कहते है उनसे देश नहीं संभाला जा रहा है। आम जनता गैस के लिए परेशान है, लोग नोटबंदी की ही तरह घरेलू गैस के लिए लाइन में लगे हुए है। डीजल, पेट्रोल लगातार मंहगा हो रहा है और इसका सीधा असर आम जनता की हर जरूरत की चीजों पर पड़ेगा। इसीलिए मुसलमानों के साथ साथ सेकुलर हिंदू भी यह चाहते है कि यह सरकार हटे। यह सरकार जनहित के कार्य नहीं कर रही है। न इसको किसानों की परवाह है, न छात्रों की परवाह है, न महंगाई की परवाह है। । शेखुपुर की जनता के चुनाव लड़ने के आग्रह पर आबिद रज़ा बोले अल्लाह ताला इज़्ज़त और इज़्ज़त की जगह दोनों खुद ही तय करता है अगर शेखुपुर की जनता चाहती है कि मैं शेखुपुर से चुनाव लड़ू तो आम जनता को यह चर्चा करनी चाहिए कि वे यह कहे कि हम आबिद रज़ा के साथ है और हम आबिद रज़ा को वोट देना चाहते है यह आवाज लखनऊ तक पहुंचनी चाहिए। जब आम जनता की आवाज लखनऊ तक पहुंचेगी तब अल्लाह जो बेहतर करेगा वह हम करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आम जनता का बेहद गुस्सा नजर आया आम जनता ने यह कहा कि हमारे यहां कोई काम नहीं हुआ है और ना ही कोई नेता हमारे सुख दुख में खड़ा होता है। इस पर आबिद रज़ा बोले अगर वोट लेने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि आपके साथ खड़ा नहीं होता है, आपके इलाके का विकास नहीं करता है तो यह आपके वोट के साथ नाइंसाफी है। इसके लिए आपको अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।

इस अवसर पर नरेश जाटव, रणवीर यादव मोहनलाल मौर्य, अमन यादव, हर्षित यादव पिंकू यादव, पंकज यादव, बिजनेश यादव ,बलबीर यादव ,गोविंद यादव ,गुड्डू यादव, रजनीश यादव डॉ इकबाल ,जुबेर अंसारी तस्लीम फुरकान , नबीब नेताजी जाहिद खान ,अख्तियार पूर्व प्रधान, सचिन , सदाकत ,कासिम हुसैन ,मंगल खान ,इरफान खान ,सलीम खान, किशवर खान, मुस्लिम भाई ,मास्टर हसनैन ,डॉक्टर उजहैर, मुशीर भाई, आमिर खान, शोएब, बबलू ,अनीस ,रिजवान ,आफाक , हाफिज अकबर, सलीम, तौकीर आदि लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन लंगड़ा : लूट करने वाले तीन आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**वजीरगंज।** लूट के तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों की गोली से एक सिपाही घायल हुआ है, जबकि दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों के कब्जे से लूटी हुई बाइक पुलिस ने बरामद की है।

एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया की वजीरगंज पुलिस को रविवार रात उस समय सूचना मिली, जिस समय पुलिस मूसेपुर पुल के पास गस्त कर रही थी। मुखबिर ने बताया कि ब्यौली मढी के पास नौ मई को बिल्सी निवासी युवक से बाइक लूट करने वाले बदमाश अपने साथी के साथ किसी अन्य घटना को अन्जाम देने के लिए बिल्सी से वजीरगंज की तरफ आ रहे है । मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मूसेपुर पुल से पहले रुककर वाहन चैकिंग करने लगे। कुछ समय बाद एक बाइक पर तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए जो पुलिस पार्टी को देखकर अचानक से कच्चे रास्ते पर बाइक मोड़कर भागने लगे। यह देख पुलिस टीम ने पीछा किया जिससे बाइक फिसल गई।

पुलिस टीम ने आत्मसमर्पण के लिए कहा लेकिन बदमाशों ने आत्मसमर्पण न करके पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से असलाहो से फायर किये, जिसमें आरक्षी प्रिंस चौधरी गोली लगने से घायल हो गया । तब पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ बदमाशों पर जबाबी फायरिंग की गयी तो दो बदमाश फारुख उर्फ बादशाह उर्फ सफी उर्फ सफिया पुत्र रहीस निवासी ग्राम धनौली थाना बिल्सी हाल निवासी हल्दोनी थाना इकोटैक जनपद नोएडा, अमन चतुर्वेदी पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम पारा खेडा थाना टीकमगढ राज्य मध्य प्रदेश हाल पता हल्दोनी थाना इकोटैक जनपद नोएडा गोली लग जाने से घायल हो गये। उनका एक साथी सुरजीत उर्फ नन्हू उर्फ नानू पुत्र विष्णु निवासी ग्राम पुराय थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को मौके से गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्जे से लूटी गयी लूटी गयी बाइक बरामद हुई। घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजेगी।

# शहीद हुए विद्युत संविदा कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विद्युत विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के पूर्व नोटिस के आवाहन पर संघ की बदायूं जनपद इकाई द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय उसावा रोड बदायूं के समक्ष एकत्रित होकर श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया सभा में उपस्थित विद्युत संविदा कर्मचारियों ने कार्य के दौरान प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों में मृतक कर्मचारियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यहां जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने स्वयं के आदेश दिनांक 15 मई 2017 का उल्लंघन कर लगभग 25000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया गया है जिससे कर्मचारियों की भारी कमी होने से आउटसोर्स कर्मचारियों पर कार्य का अधिक भार पड़ने,11 के वी आउटगोइंग फिडरो पर 1 गैंग ( 1 लाइन मैन+ 1 पेट्रोल मैन/कुशल श्रमिक + 2 अकुशल श्रमिक) के स्थान पर 1 कर्मचारी को तैनात करने और अकुशल श्रमिकों से H.T/L.T लाइनों,ट्रांसफार्मरों, ब्रेकरों आदि पर कार्य कराये जाने से जहां एक तरफ दुर्घटनाओं में बड़े पैमाने पर आउटसोर्स कर्मचारियों कि मृत्यु हो रही है वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है एवं विभाग को भारी आर्थिक क्षति पहुंच रही है जिससे सरकार कि छवि धुमिल हो रही है। श्रद्धांजलि सभा के अंत में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता अजय कुमार को दिया।

# बड़े सरकार दरगाह के पास मां-बेटे पर हमला आरोपियों ने बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़े सरकार दरगाह परिसर के पास मां-बेटे की बेरहमी से पिटाई की गई। घटना का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक युवक को जमीन पर गिराकर डंडे से पीटते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने क्षेत्र के रहने वाले अजमेरी और उसके पुत्र अरमान पर हमला करने का आरोप लगाया है। मारपीट में घायल युवक और उसकी मां को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित सैफ का आरोप है कि कुछ समय पूर्व अरमान का तमंचे के साथ एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा था। सैफ का कहना है कि अजमेरी और अरमान को शक था कि उक्त वीडियो उसने वायरल कराया था। इसी रंजिश को लेकर दोनों पिता-पुत्र ने उस पर हमला किया। जमीन पर गिराकर डंडे से पीटा, बचाने आई मां को भी नहीं बख्शा बताया जा रहा है कि सैफ अपनी मां अंजुम के साथ बड़े सरकार दरगाह पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अजमेरी और उसका पुत्र अरमान अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पहुंच गया और सैफ को रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने पहले सैफ के साथ गाली-गलौज की और फिर डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। सैफ को बचाने के लिए जब उसकी मां अंजुम पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। घटना में मां-बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल सैफ और उसकी मां अंजुम का आरोप है कि आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई है। उनका कहना है कि जेल से छूटने के बाद भी आरोपी पिता-पुत्र की दबंगई कम नहीं हुई है और वे लगातार क्षेत्र में भय का माहौल बना रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**हादसा** मलबे में दबकर गंभीर घायल हुई संतोष, इलाज के दौरान तोड़ा दम

# तेज आंधी-बारिश बनी जानलेवा, कच्ची दीवार गिरने से महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जनपद में आई तेज आंधी और बारिश एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हो गई। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव राजा की सीकरी में कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार गांव राजा की सीकरी निवासी 58 वर्षीय संतोष पत्नी सोहन पाल बुधवार शाम अपने पति के साथ घर पर बैठकर बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं और बारिश के चलते उनका कच्चा मकान कमजोर पड़ गया। देखते ही देखते मकान की एक दीवार भरभराकर गिर गई और पास में बैठी संतोष उसके मलबे में दब गईं।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। संतोष के पति और अन्य परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर संतोष को बाहर निकाला। उस समय उनकी हालत बेहद गंभीर थी। बिना समय गंवाए परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए मुरादाबाद जनपद के बिलारी स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए।

डॉक्टरों ने संतोष का इलाज शुरू किया, लेकिन उनकी हालत लगातार नाजुक बनी रही। काफी प्रयासों के बावजूद देर रात उपचार के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस दुखद घटना से मातम पसरा हुआ है।

घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही फैजगंज बेहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई कच्चे मकान हैं, जो तेज आंधी और बारिश के दौरान खतरा बने रहते हैं। इस घटना ने एक बार फिर कच्चे मकानों की कमजोर स्थिति को उजागर कर दिया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मकानों में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल संतोष की मौत से परिवार गहरे सदमे में है और गांव में हर कोई इस हादसे को लेकर दुखी नजर आ रहा है।

# जनप्रतिनिधियों ने मेधावियों को किया सम्मानित तो खिल उठे चेहरे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, आईसीएसई, सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 223 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, 1-1 लाख रुपये के प्रतीकात्मक चेक, टैबलेट देकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बदायूं की प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी व लखनऊ की मेयर मौजूद रही। लखनऊ के कार्यक्रम के अतिरिक्त पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में बदायूं के 20 सहित 1459 विद्यार्थियों को मेधावियों को सम्मानित किया गया। कुल 1682 मेधावियों को सोमवार को प्रदेश में सम्मानित किया गया है। वहीं बदायूं में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक, बिल्सी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा के 10वीं व 12वीं के 10-10 मेधावियों को 21-21 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने देखा। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षाएं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए होती हैं। उन्होंने उपस्थित मेधावियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करते हुए अनुशासन,लगन व कड़ी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाती है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, कड़ी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेधावियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों व संबंधित कॉलेज के प्रधानाचार्य को भी सम्मानित किया।

बदायूं में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम व मेहनत से किए गए कार्य कभी असफल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने वालों की ईश्वर भी मदद करते हैं।

उन्होंने अपना व्यक्तिगत प्रसंग भी इस अवसर पर उपस्थित मेधावियों से साझा कर उन्हें प्रेरित किया। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उस पर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित मेधावियों को सम्मानित होने पर बधाई दी। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि जीवन में सही मार्ग को चुनना जरूरी है और उस पर आगे बढ़ते रहने से ही सफलता मिलेगी। उन्होंने मेधावियों से कहा कि वह अपने गुरुओं का अपने माता-पिता के समान सम्मान करें।




## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई और मुंबई के बाद लगातार दो ट्रॉफी जीतने का किया कारनामा

# ट्रॉफी आरसीबी ने जीती पर आईपीएल 2026 की पूरी महफिल वैभव सूर्यवंशी ने लूट ली...

### कई दिग्गजों को पछाड़ 15 साल के वैभव ने जीते 5 अवॉर्ड्स

**अहमदाबाद**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरा खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले लगातार दो आईपीएल ट्रॉफी जीतने का कारनामा केवल चेन्नई सुपर किंग्स (2010-11) और मुंबई इंडियंस (2019-20) ने किया था।

156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत तेज रही। वेंकटेश अय्यर (32) और विराट कोहली ने पहले चार ओवर में ही अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को मजबूत आधार दिया। हालांकि मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने लगातार झटके देकर मुकाबले में गुजरात की वापसी कराई। राशिद खान ने एक ही ओवर में रजत पाटीदार और क्रुणाल पंड्या को आउट कर आरसीबी को 91/4 पर पहुंचा दिया।

इसके बाद विराट कोहली और टिम डेविड ने पारी संभाली। कोहली ने सिर्फ 25 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए आईपीएल करियर का सबसे तेज



अर्धशतक लगाया। डेविड के आउट होने के बावजूद कोहली अंत तक टिके रहे और नाबाद 75 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। आरसीबी ने 18 ओवर में 161/5 बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। रसिख डार ने 3 विकेट झटके, जबकि भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लेकर गुजरात को 20 ओवर में 155/8 पर रोक दिया।



### किसे क्या मिला...

**मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर**
वैभव सूर्यवंशी (436.5 अंक)

**इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन**
वैभव सूर्यवंशी

**सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन**
वैभव सूर्यवंशी (स्ट्राइक रेट 237)

**सुपर सिक्सेज ऑफ द सीजन**
वैभव सूर्यवंशी (72 छक्के)

**ऑरेंज कैप**
वैभव सूर्यवंशी - 776 रन

**पर्पल कैप**
कगिसो रबाडा - 29 विकेट

**सबसे ज्यादा चौके**
साई सुदर्शन (75 चौके)

**ग्रीन डॉट बॉल अवॉर्ड**
मोहम्मद सिराज (172 डॉट गेंद)

**कैच ऑफ द सीजन**
मनीष पांडे

**फेयर प्ले अवॉर्ड**
पंजाब किंग्स

### फैक्ट फाइल..

**बाउंड्री मीटर**

| | |
|---|---|
| 6 - 1426 | 4 - 2332 |

**सर्वाधिक विकेट**

| गेंदबाज | | |
|---|---|---|
| कगिसो रबाडा | 29, पारी: 17 | औसत: 21.58 |
| भुवनेश्वर कुमार | 28, पारी: 16 | औसत: 17.89 |
| जोफ्रा आर्चर | 25, पारी: 16 | औसत: 22.36 |

**सर्वाधिक रन**

- वैभव सूर्यवंशी — 776, पारी: 16, औसत: 48.50
- शुभमन गिल — 732, पारी: 16, औसत: 45.75
- साई सुदर्शन — 722, पारी: 17, औसत: 45.12

# सात्विक-चिराग ने पहली बार जीता सिंगापुर ओपन

### फाइनल में इंडोनेशियाई जोड़ी को दी मात

**अहमदाबाद**




भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीतकर इतिहास रचा।

रविवार को खेले गए फाइनल में उन्होंने इंडोनेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी फजार अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को 18-21, 21-17, 21-16 से हराया। सात्विक-चिराग ने आखिरी खिताब थाईलैंड ओपन 2024 में जीता था। इसके बाद वे कई बड़े टूर्नामेंट में फाइनल तक पहुंचे, लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सके। यह जोड़ी का नौवां बीडब्ल्यूएफ (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) वर्ल्ड खिताब है। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 18-21 से गंवाया था, लेकिन दूसरे गेम में 21-17 से वापसी की और तीसरे गेम में 21-16 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। ट्रॉफी जीतने के बाद सात्विक और चिराग कोर्ट पर खुशी से झूम उठे। उन्होंने डांस करके जीत का जश्न मनाया। पुरस्कार समारोह में उन्हें ट्रॉफी, गोल्ड मेडल और 70 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।




# पीएसजी ने लगातार दूसरी बार जीती चैंपियंस लीग

### जश्न के दौरान कई शहरों में भड़की हिंसा, 416 गिरफ्तार

**पेरिस**

सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लगातार दूसरी बार यूफा चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। हालांकि जीत के जश्न के दौरान फ्रांस के कई शहरों में हिंसा, तोडफ़ोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने 416 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि झड़पों में सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सबसे अधिक तनाव पेरिस में रहा, जहां 280 लोगों को हिरासत में लिया गया। आंतरिक मामलों के मंत्री लॉरेंट नुनेज ने हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया।

# फिनस्विमिंग में मप्र ट्रायथलॉन अकादमी का शानदार प्रदर्शन



**भोपाल**

गोवा के पणजी में 29 से 31 मई तक आयोजित 9वीं राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नीतांश जैन ने 50 मीटर एप्निया में स्वर्ण पदक जीता। दुर्विशा पवार ने 2 रजत और 2 कांस्य पदक, जबकि आध्या सिंह ने 1 रजत और रिले में कांस्य पदक हासिल किया। पार्थ सिंगरोल और अमन प्रजापति ने भी कांस्य पदक जीते। सीनियर मिक्स्ड रिले में मध्यप्रदेश टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## नॉर्वे चेस में गुकेश की दमदार वापसी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने नॉर्वे चेस में वापसी करते हुए पांचवें राउंड में हमवतन आर. प्रज्ञानानंद को क्लासिकल मुकाबले में पराजित किया। गुकेश ने तीन अंक हासिल किए और 6.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचकर खिताब की दौड़ में खुद को बनाए रखा। रागोजिन डिफेंस से शुरू हुआ मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दोनों खिलाडियों को जीत के मौके मिले, लेकिन समय के दबाव में प्रज्ञानानंद की एक चूक भारी पड़ गई।

## फ्रेंच ओपन में गॉफ उलटफेर की शिकार

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में बड़ा उलटफेर हुआ। डिफेंडिंग चैंपियन कोको गॉफ तीसरे दौर में 30वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से 4-6, 7-6 (1), 6-4 से हारकर बाहर हो गई। गॉफ ने माना कि अहम मौकों का फायदा नहीं उठा सकीं। जापान की नाओमी ओसाका ने अमेरिका की इवा जोविच को 7-6 (5), 6-7 (3), 6-4 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। अब उनकी भिड़ंत वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका से होगी।

## ग्रीन हाउस बना अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग में चैंपियन



**भोपाल**

अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग के सीनियर एज ग्रुप फाइनल में अरेरा ग्रीन ने ब्लू हाउस को 110 रन से हराकर खिताब जीता। ग्रीन हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 251 रन बनाए। रुद्र तेनगुरिया ने 94 रन, नीर यादव ने 55 रन बनाए। जवाब में ब्लू हाउस 32.3 ओवर में 141 रन पर ऑलआउट हो गया। अर्जुन शुक्ला ने 60, नीरज ग्रोवर ने 38 रन बनाए। गेंदबाजी में हर्षित ओझा ने 4 और प्रतीक शुक्ला ने 3 विकेट लिए। रुद्र तेनगुरिया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अर्जुन शुक्ला प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया।

## अपने 1000वें वनडे में जीता पाकिस्तान

**भोपाल।** पाकिस्तान ने अपने 1000वें वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से मात देकर 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। रावलपिंडी में खेले गए मैच में 21 साल के लेफ्ट आर्म स्पिनर अराफात मिन्हास ने डेब्यू में 5 विकेट लिए और वनडे इतिहास में ऐसा करने वाले पहले पाकिस्तानी बने। ऑस्ट्रेलिया 44.1 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हुआ। बाबर आजम (69) और विकेटकीपर गाजी घोरी (65) ने 127 रनों की मैच विनिंग साझेदारी कर लक्ष्य हासिल किया। मिन्हास ने 17 गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई।

### 3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर से मसूरी में घूमते दिखाई दिए

## धोनी ने बेटी जीवा का समर कैंप में कराया एडमिशन

**मसूरी**

क्रिकेट स्टार महेंद्र सिंह धोनी अपनी 3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर में मसूरी घूमते दिखाई दिए। उनके आने की खबर फैलते ही फैंस भी मिलने पहुंच गए। धोनी अपनी बेटी जीवा सिंह धोनी का समर कैंप के लिए एक बोर्डिंग स्कूल में एडमिशन कराने मसूरी आए थे। धोनी शनिवार को देहरादून से मसूरी के लिए रवाना हुए और देर शाम लालटिब्बा क्षेत्र स्थित एक होटल पहुंचे। फैंस ने उन्हें घेर लिया, मोबाइल से तस्वीरें खींचीं और वीडियो बनाने लगे। कुछ लोगों ने गलती से उन्हें रोहित शर्मा समझ लिया और जोर-जोर से रोहित रोहित चिल्लाने लगे। यह देख धोनी हंस पड़े। सडक पर घूमते समय उन्होंने फैंस से हाथ मिलाया और ऑटोग्राफ दिए। एक बच्चे के धोनी-धोनी कहने पर उन्होंने पीछे मुडकर मुस्कुराया। उनका मसूरी की सडकों पर घूमते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ध्यान रहे, धोनी मसूरी पिछले 11 मार्च 2025 को भी घूमने आए थे। इसके अलावा, 15 नवंबर 2023 को उन्होंने पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ अल्मोड़ा की जैंती तहसील स्थित अपने पैतृक गांव ल्वाली का दौरा किया था। यह उनका 20 साल बाद गांव आने का पहला मौका था। वहां ग्रामीणों ने क्रिकेटर के स्वागत में खुशी जाहिर की और फोटो खिंचवाई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

पं. राजेन्द्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी के क्षेत्र में
अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
वो भी सबसे कम फीस में!
D.PHARM
SESSION : 2026-27
B.PHARM
SESSION : 2026-27
JEECUP REGISTRATION बिल्कुल FREE
आज ही हमें कॉल करें और कोर्स से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें
Free Registration के लिए अभी सम्पर्क करें
+91 6398097339, +91 9548012113

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।